संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | देहरादून, शुक्रवार, 24 मई 2024 ₹ 1 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका सिरसा में चुनाव प्रचार के दौरान अभिवादन करती हुई।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 15 अंक: 142 पृष्ठ: 08

RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com उत्तराखण्ड संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group






## विपक्ष का हाल निराशाजनक: प्रधानमंत्री मोदी

### मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि 4 जून को भाजपा के रिकॉर्ड आंकड़े छूने के साथ ही शेयर बाजार भी नई रिकॉर्ड ऊंचाई को छू जाएगा: मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोर देकर कहा है कि भारतीय जनता पार्टी रिकॉर्ड तीसरी बार सरकार बनाने की राह पर है और पार्टी की जीत से देश के शेयर बाजार में भी रिकॉर्ड छलांग दिखेगी। पीएम मोदी ने कहा, "मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि 4 जून को भाजपा के रिकॉर्ड आंकड़े छूने के साथ ही शेयर बाजार भी नई रिकॉर्ड ऊंचाई को छू जाएगा।"



**दावा**

भारतीय जनता पार्टी रिकॉर्ड तीसरी बार सरकार बनाने की राह पर है : पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि सेंसेक्स 2024 में 2014 के 25,000 अंक से बढ़कर 75,000 हो गया है। उन्होंने यह भी कहा कि निवेशकों ने उनकी सरकार में विश्वास दिखाया है। उन्होंने कहा, 'शेयर बाजार का हम पर जो भरोसा है, वह पिछले एक दशक के उल्लेखनीय प्रदर्शन से जाहिर होता है। जब हमने कार्यभार संभाला था, सेंसेक्स लगभग 25000 प्वाइंट था। आज, यह लगभग 75000 अंक पर है, जो ऐतिहासिक वृद्धि को दशार्ता है। हाल ही में हम पहली बार 5 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैप पर पहुंचे हैं। पीएम ने कहा, "पिछले 10 वर्षों में, यदि आप डीमैट खातों की संख्या पर एक नजर डालते हैं, तो आप समझेंगे कि नागरिकों ने भारतीय अर्थव्यवस्था में विश्वास दिखाना कैसे शुरू कर दिया है। म्यूचुअल फंड निवेशकों की संख्या 2014 में 1 करोड़ से बढ़कर आज 4.5 करोड़ हो गई है।

## महंगाई व बेरोजगारी चर्म पर: प्रियंका

**टीम एक्शन इंडिया**

**सिरसा:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं फायर ब्रांड नेत्री प्रियंका गांधी चुनाव प्रचार थमने के अंतिम दिन गुरुवार को सिरसा पहुंची। यहां पर उन्होंने इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी कुमारी सैलजा के लिए रोड शो में हिस्सा लिया। करीब एक घंटा 10 मिनट तक चिलचिलाती धूप में प्रियंका गांधी लगातार लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए कांग्रेस उम्मीदवार कुमारी सैलजा के चुनाव को और अधिक मजबूती प्रदान करने में सफल रही। रोड शो की शुरूआत श्री श्याम बगीची अनाज मंडी से हुई। इसके बाद जनता भवन, जगदेव सिंह चौक, सुभाष चौक, भगत सिंह चौक, परशुराम चौक, अंबेडकर चौक तक रोड शो चला। रोड शो के दौरान हजारों लोगों की भीड़ उमड़ने से सिरसा शहर की सड़के जाम हो गई। तेज धूप व गर्मी के बावजूद रोड शो की रफ्तार मंद थी और जोश से लबरेज लोग आगे भी बढ़ नहीं पा रहे थे। इसलिए रोड शो को अंबेडकर चौक पर ही समाप्त करना पड़ा।






# बुद्ध पूर्णिमा पर लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में पुण्य की डुबकी



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
बुद्ध पूर्णिमा स्नान पर्व पर हरकी पैड़ी समेत गंगा के विभिन्न घाटों पर देश के कई प्रांतों से आए लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगायी। मान्यताओं के अनुसार आज के दिन गंगा में स्नान करने के बाद दान-पुण्य का महत्व है। कहा जाता है इस दिन भगवान विष्णु गंगाजल में निवास करते हैं। इसी कारण बुद्ध पूर्णिमा पर स्नान करने का विशेष महत्व है। बुद्ध पूर्णिमा के स्नान को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए थे।

बुद्ध पूर्णिमा स्नान पर हरिद्वार आने वाली श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये थे। मेला क्षेत्र को 7 जोन और 19 सेक्टर में बांट कर पुलिस बल तैनात किया गया। साथ ही ट्रैफिक को लेकर भी खास व्यवस्था की गई। डाइवर्जन प्लान लागू किया गया, ताकि श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो।

मान्यता है कि बुद्ध पूर्णिमा के ही दिन भगवान विष्णु का धरती पर भगवान बुद्ध रूप में अवतरण हुआ था। बुद्ध पूर्णिमा का स्नान तीर्थ नगरी हरिद्वार में कड़ी सुरक्षा के बीच हुआ। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर गंगा स्नान के लिए आज सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का हर की पैड़ी पहुंचना शुरू हो गया था। लोगों ने स्नान के पश्चात देव दर्शन कर दान-पुण्य आदि कर्म किए। तीर्थनगरी के आश्रम-अखाड़ों में भी विशेष आयोजन हुए।

आज ही के दिन भगवान बुद्ध के रूप में भगवान विष्णु ने धरती पर अवतार लिया था। भगवान को ज्ञान प्राप्त हुआ और आज ही के दिन भगवान बुद्ध की धरती से विदाई हुई। आज ही के दिन भगवान कृष्ण ने सुदामा को विनायक उपवास रखने का महत्व बताया था। भगवान ने नृसिंह अवतार लिया था। मान्यता है कि बुद्ध पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने और गंगा की पूजा अर्चना करने से पुण्य की प्राप्ति होती है।

पंडित मनोज त्रिपाठी का कहना है कि संपूर्ण वैशाख मास ही भगवान श्री नारायण की सेवा के लिए अर्पित है। इसका जो समापन दिवस है, वो बुद्ध पूर्णिमा या पूर्णमासी वैशाखी कहलाता है। यह इतना पावन होता है कि इस माह भगवान श्रीनारायण के अधिसंख्य अवतार हुए हैं। आज के इस अवतार में ही

# बुद्ध पूर्णिमा पर हरिद्वार में गंगा स्नान के लिए उमड़ा आस्था का सैलाब

**बुद्ध पूर्णिमा**

**▶▶विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं ने विभिन्न अनुष्ठान आदि कर गरीबों में दान-पुण्य किया।**



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
ऋषिकेश में आज गुरुवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर देश के विभिन्न प्रांतों से बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं ने पवित्र नगरी के त्रिवेणी घाट, रामझूला और लक्ष्मण झूला के घाट पर गंगा में आस्था की डुबकी लगायी।

गंगा के त्रिवेणी घाट समेत विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं ने विभिन्न अनुष्ठान आदि कर गरीबों में दान-पुण्य किया। प्रशासन की ओर से बुद्ध पूर्णिमा पर सभी घाटों पर सकुशल स्नान संपन्न कराने और सुरक्षा के लिए जल पुलिस तैनात की गई थी।

ऋषिकेश के त्रिवेणी घाट में धाम यात्रा के चलते जहां हजारों की संख्या में पहले से ही यात्री डेरा जमाए थे। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बड़ी संख्या में वाहनों से आए यात्रियों के कारण नेपाली फार्म से ब्रह्मपुरी तक सुबह से ही जाम की स्थिति बनी रही। जबकि पुलिस प्रशासन की ओर से नेपाली फार्म से वाहनों को डाइवर्ट भी किया गया। जिसके चलते वाहन सवारों को 25 से 30 किलोमीटर अधिक चलना पड़ा। शहर में आने वाले वाहनों को भी त्रिवेणी घाट तक नहीं जाने दिया गया।

## अल्मोड़ा के प्रसिद्ध डोल आश्रम पहुंचे मुख्यमंत्री धामी

**अल्मोड़ा/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को लमगड़ा ब्लॉक क्षेत्र में वनाग्नि से प्रभावित क्षेत्रों के स्थलीय और हवाई निरीक्षण किया। इस दौरान सीएम कल्याणिका डोल आश्रम भी पहुंचे और पूजा अर्चना की।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि इस साल आग से काफी नुकसान हुआ। बारिश होने से राहत मिली है। आने वाले साल में जंगल की आग से निपटने के लिये कार्ययोजना बनाई जायेगी। इस दौरान सीएम धामी ने कल्याणिका डोल आश्रम में श्रीयंत्र पूजन, आचार्यपीठ का शुभारंभ और कन्या पूजन किया।

## तीन लाख कीमत की स्मैक के साथ महिला समेत दो ड्रग तस्कर गिरफ्तार

**कार्रवाई**

**▶▶एसटीएफ (एंटी नारकोटिक्स) व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में उधम सिंह नगर से पकड़े गए तस्कर**




**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
एसटीएफ (एंटी नारकोटिक्स) ने गुरुवार को जनपद उधम सिंह नगर से महिला समेत दो अंतर्राज्यीय ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 30 ग्राम स्मैक बरामद किया गया।

बरामद स्मैक की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग तीन लाख रुपये आंकी गई है। ये दोनों पिछले काफी समय से ड्रग तस्करी करते थे। कई बार जेल भी जा चुके हैं। दोनों उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के रहने वाले हैं।

सीओ एसटीएफ कुमाऊं आरबी चमोला एवं प्रभारी निरीक्षक एसटीएफ (एंटी नारकोटिक्स) पावन स्वरूप के नेतृत्व में एसटीएफ (एंटी नारकोटिक्स) ने जनपद उधम सिंह नगर के थाना गदरपुर पुलिस के साथ संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए मोतियापुर तिराहे के पास से दो अंतरराज्यीय ड्रग तस्कर हैदर अली (24) पुत्र निजामुद्दीन व शबाना उर्फ गुलनाज (25) पत्नी नदीम निवासी तिकोनिया धोबियान मस्जिद के पास थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया। साथ ही उनके कब्जे से 30 ग्राम स्मैक के साथ एक मोटरसाइकिल बरामद किया।

गिरफ्तार ड्रग तस्कर पिछले कई वर्षों से उत्तराखंड में स्मैक की सप्लाई कर रहे थे। पूछताछ में बताया कि वह यह स्मैक मुरादाबाद से थोड़ी-थोड़ी मात्रा में खरीदकर गदरपुर/दिनेशपुर आदि मैदानी क्षेत्र में बेचने जा रहे थे।

एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि एसटीएफ (एंटी नारकोटिक्स) टीम ने गिरफ्तार तस्करों के विरुद्ध थाना गदरपुर में एनडीपीएस की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया है।

## संक्षिप्त खबरें

### केएफसी गर्मियों से राहत देने के लिए लाया है समर बेवरेजेस की नई रेंज

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
पूरे देश में बढ़ते तापमान के साथ हर कोई यही जानना चाहता है कि इस तपती गर्मी से राहत कैसे पायी जाए? केएफसी इंडिया इसका समाधान लेकर आया है चार अद्वितीय ताजगीभारे बेवरेज, जो न केवल ठंडक देते हैं, बल्कि गर्मी को क्रश भी कर देते हैं। ये ठंडक भरे बेवरेज तपती गर्मी के लिए बिल्कुल उपयुक्त हैं। क्लासिक क्रश लाइम में इंडियन मसाला और नींबू के रस के शानदार मिश्रण है, जो पीते ही ठंडक प्रदान करता है।
अगर आपको पुदीने का स्वाद पसंद है, तो वर्जिन मोहितो पीकर देखें, जिसमें ठंडे सोडा के साथ नींबू और पुदीना का मिश्रण है। अगला समर बेवरेज है मसाला पेप्सी, एक मसालेदार वर्जन है। इसके बाद है माउंटेन ड्यू मोहितो, जिसमें पुदीना और नींबू के एक टैंजी मिश्रण को ताजगीभरे माउंटेन ड्यू के साथ बनाया गया है। केवल 59 रुपये से शुरू होने वाले केएफसी के ये नए समर ड्रिंक गर्मियों की धूप से राहत देने के लिए उपयुक्त हैं।
इसलिए इंतजार ना करें। अपने नजदीकी केएफसी रेस्टोरेंट में जाएं और गर्मी से राहत पाएं। डाइन-इन और टेकअवे द्वारा चारों बेवरेजेस का आनंद लें।

### बिजनेस लॉन्च के 5 साल के भीतर जेएसडब्ल्यू पेंट्स ने दर्ज किया अपना पहला परिचालन लाभ

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारत की प्रमुख इको-फ्रेंडली पेंट कंपनी और 24 अरब यूएस डॉलर वाले जेएसडब्ल्यू समूह का हिस्सा जेएसडब्ल्यू पेंट्स ने पिछले वित्तीय वर्ष में 3 प्रतिशत से अधिक (लगभग 67 करोड़ रुपए) के एबिटा मार्जिन के साथ अपना पहला पूर्ण वर्ष परिचालन लाभ दर्ज किया। यह जेएसडब्ल्यू पेंट्स को सबसे कम अवधि में परिचालन लाभ दर्ज करने वाली पहली और सबसे युवा भारतीय पेंट्स कंपनी बनाता है। उद्योग में अपनी 10 गुना से अधिक विकास दर दर्ज करते हुए कंपनी का सकल राजस्व 2,000 करोड़ रुपए के लक्ष्य को पार कर चुका है। सकल राजस्व में वृद्धि को डेकोरेटिव पेंट और इंडस्ट्रियल कोटिंग्स दोनों व्यवसायों से समर्थन मिला है।
मौजूदा विकास दर को ध्यान में रखते हुए जेएसडब्ल्यू पेंट्स अगले दो वर्षों के भीतर (यानी वित्त वर्ष 2026 तक) 5,000 करोड़ रुपए के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रयासरत है। व्यवसाय में डेकोरेटिव पेंट्स सेगमेंट द्वारा महत्वपूर्ण बदलाव करके इसे मजबूती दी जाएगी। कंपनी ने आशीष रॉय को चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर-डेकोरेटिव नियुक्त किया है, जिन्हें यूनिलीवर जैसे वैश्विक संगठनों में डिस्ट्रीब्यूशन बिजनेस में दो दशकों से अधिक वर्षों का अनुभव है। आशीष जेएसडब्ल्यू पेंट्स में डेकोरेटिव पेंट्स बिजनेस में परिवर्तन और विकास का नेतृत्व करेंगे और लाभदायक टॉप लाइन डेवलपमेंट देंगे। जेएसडब्ल्यू पेंट्स के मैनेजिंग डायरेक्टर पार्थ जिंदल ने कहा कि जेएसडब्ल्यू पेंट्स के लिए सबसे कम समय में मुनाफा कमाने वाली सबसे युवा पेंट कंपनी बनना बड़ी उपलब्धि रहा है। अब हम नए अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, क्योंकि भारतीय उपभोक्ता उद्देश्यपूर्ण जीवन और पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों के प्रति अपनी प्राथमिकताएं विकसित कर रहे हैं। मुझे अपने मैन्युफैक्चरिंग और मार्केटिंग निवेश में विकास का नेतृत्व करने के लिए आशीष राय का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। जेएसडब्ल्यू पेंट्स 29 साल की औसत कामकाजी उम्र के साथ उद्योग में सबसे युवा, सबसे अधिक लैंगिक विविध और जोरदार टीम के साथ अपना बिजनेस आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। जेएसडब्ल्यू पेंट्स के जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ सुंदरेसन एएस के अनुसार, श्हम एक युवा टीम हैं और ऐसे काम करने की इच्छा रखते हैं जो पहले कभी नहीं किए गए। हमें खुशी है कि हम जो बदलाव लाना चाहते हैं, उसे अच्छी प्रतिक्रिया मिली है, जिसने हमें तेज गति से तरक्की करने के लिए प्रोत्साहित किया। हम अपने उपभोक्ताओं के दरवाजे पर विश्व स्तरीय उत्पाद और सेवाएँ पहुँचा कर उनके घरों को वास्तव में सुंदर बनाने का वादा करते हैं। जेएसडब्ल्यू पेंट्स के चीफ बिजनेस ऑफिसर-डेकोरेटिव्स आशीष राय ने कहा कि मैं एक महत्वपूर्ण मोड़ पर जेएसडब्ल्यू पेंट्स से जुड़कर रोमांचित हूँ, जहाँ व्यवसाय स्पष्ट रूप से अपनी विकास गति को तेज करने के लिए तैयार है। दरअसल सजावटी पेंट्स भारतीय उपभोक्ताओं द्वारा अपने घरों में बदलाव करने की खुशी से बहुत निकटता से जुड़े हुए हैं। डिजिटल प्रगति, उपभोक्ता की बढ़ती जरूरतें और नवीन पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों के साथ डेकोरेटिव पेंट बिजनेस में हम तेजी से विकास करेंगे, हमारी इस प्रतिबद्धता से हमारे ग्राहकों को बहुत खुशी होगी।

## वन क्षेत्राधिकारी ने वन्यजीव प्रभावित खड़क माफ क्षेत्र का किया निरीक्षण



**निरीक्षण**

**▶▶उनके साथ जिला गंगा सुरक्षा समिति के नामित सदस्य पर्यावरणविद विनोद जुगलान भी थे।**

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
वन क्षेत्राधिकारी ऋषिकेश गम्भीर सिंह धमान्दा ने वन्यजीव प्रभावित खड़क माफ क्षेत्र का निरीक्षण किया। उनके साथ जिला गंगा सुरक्षा समिति के नामित सदस्य पर्यावरणविद विनोद जुगलान भी थे।

जिला गंगा सुरक्षा समिति के नामित सदस्य जुगलान ने समिति की बीते माह हुई मासिक बैठक में खड़क माफ क्षेत्र में वन विभाग से सम्बंधित समस्याओं के सन्दर्भ में प्रभागीय वनाधिकारी को अवगत कराया था।

उन्होंने गंगा एवं सौंग नदी के संगम के समीप बाढ़ नियंत्रण की कार्यदायी संस्था सिंचाई विभाग ने खेत सुरक्षा को सुरक्षा तटबन्ध का निर्माण कराया है। साथ ही वनविभाग की ओर से भी वन्यजीवों से फसल सुरक्षा की सौर ऊर्जा बाड़ स्थापित की गई है। इसके बावजूद यहां लगभग 40 से 50 मीटर क्षेत्र सुरक्षा बाढ़ से छूट गया है। परिणामस्वरूप यहाँ से वन्यजीव खेतों में प्रवेश कर फसल को भारी क्षति पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उक्त क्षेत्र पर सुरक्षा दीवार का निर्माण करा देने से किसानों की समस्या का हल हो सकेगा।

इस समस्या के निस्तारण को डीएफओ देहरादून ने वन क्षेत्राधिकारी ऋषिकेश को समिति सदस्य के साथ भौतिक निरीक्षण कर रिपोर्ट देने को कहा है। समिति सदस्य ने बताया कि इससे पूर्व लक्कड़ घाट के समीप प्रस्तावित साढ़े पांच एमएलडी एसटीपी सहित वन विभाग के प्लांटेशन को बाढ़ से सुरक्षा को भी तटबन्ध निर्माण स्थल का भौतिक सर्वे किया गया है। यहां लगभग साढ़े तीन सौ मीटर लंबा सुरक्षा तटबन्ध बनाना होगा ताकि वर्षात में गंगा जी की बाढ़ के पानी से नमामि गंगे योजना के तहत सरकारी परियोजना प्रभावित न हो सकें।

इस मौके पर वन क्षेत्राधिकारी जीएस धमान्दा,उपराजिक अधिकारी चन्द्र शेखर भट्ट,वनबीट अधिकारी ईश्वर सिंह, वनकर्मी मनोज कुमार भोला,पीआरडी सोहन सिंह आदि उपस्थित रहे।

## वन विभाग का तानाशाही आदेश सही नहीं : किरन रावत

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड क्रान्ति दल की केंद्रीय मीडिया प्रभारी किरन रावत कश्यप ने कहा कि वन विभाग का तानाशाही आदेश सही नहीं है। केंद्रीय मीडिया प्रभारी किरन गुरुवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि वन विभाग ने अपने तानाशही आदेश में कहा कि यदि कोई जंगली जानवरों का शिकार व्यक्ति अटल आयुष्मान योजना के अंतर्गत इलाज करवाता है तो वन विभाग उसे मुआवजा देने के लिए बाध्य नहीं होगा। उन्होंने एक आदेश की चर्चा करते हुए कहा कि रिजर्व फॉरेस्ट से लगे आबादी वाले गांव के लोग यदि आग बुझाने में सहायता नहीं करेंगे तो उन्हें 1 वर्ष की सजा तथा 20000 रुपये तक का जुमार्ना होगा। यह आदेश दुर्भाग्यपूर्ण है।

## चोरी की बाइक के साथ आरोपित गिरफ्तार

**चालान**

**▶▶ पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गंगनहर कोतवाली रुड़की पुलिस ने एक आरोपित को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है।

ग्राम खेलपुर नसरुलपुर थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार निवासी मुक्तदीर पुत्र खुर्शीद ने 29 अप्रैल को अपनी बाइक सालियर साल्हापुर रुड़की से चोरी के संबंध में एफआईआर के माध्यम से अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद से पुलिस चोर की तलाश में जुटी हुई थी।

पुलिस ने आज मुखबिर की सूचना पर शुभम पुत्र रामकुमार निवासी आदर्श नगर थाना कोतवाली सिविल लाइन रुड़की जनपद हरिद्वार को माधोपुर अंडरपास रुड़की से चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।

## भाजपा ने नगर आयुक्त से की ललतारौ नदी की सफाई की मांग

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
आगामी मानसून के दृष्टिगत क्षेत्र को संभावित जल भराव के खतरे से बचाव के लिए भाजपा कार्यकताओं ने सेनेटरी इंस्पेक्टर के माध्यम से नगर आयुक्त को ज्ञापन पत्र प्रेषित किया। कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन पत्र में ललतारौ नदी की सफाई की मांग की है।




निवर्तमान पार्षद विनीत जौली ने ज्ञापन के माध्यम से मांग करते हुए कहा कि बिल्केश्वर स्थित ललतारौ नदी शिवालिक पर्वत माला से निकलकर मंशा देवी मार्ग, ललतारौ पुल होते हुए बिरला घाट गंगा जी में समाहित होती है। बिल्केश्वर कॉलोनी से लेकर बिरला घाट तक ललतारौ मलवे और कूड़े से अटी पड़ी है। इसमें जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं।

जिस कारण आसन्न वर्षा ऋतु में ललतारौ पुल, श्रवणनाथ नगर, झलकारी बस्ती, बाल्मीकि बस्ती, मंशा देवी मार्ग, हिमालय डिपो वाली गली पर जल भराव का संकट हो सकता है। जिसके चलते ललतारौ की सफाई त्वरित गति से होनी आवश्यक है।

निवर्तमान पार्षद अनिरुद्ध भाटी ने कहा कि ललतारौ में वषार्काल के दौरान शिवालिक पर्वत मालाओं का बरसाती पानी प्रचंड वेग से आता है। जिस कारण मेला हॉस्पिटल से लेकर श्रवणनाथ नगर तक जल भराव का संकट बना रहता है। विगत वर्ष के जून माह में बरसात से इस क्षेत्र में भारी नुकसान हुआ था।

इस अवसर पर भाजपा नेता नीरज शर्मा, नितेश गौड़, सचिन डबराल, राजकुमार गुप्ता, भूषण सुनेजा, शुभम जैन, राजू भारद्वाज, अभिषेक गौड़, जीत सिंह, जुगल किशोर समेत अनेक भाजपा कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। नगर आयुक्त की अनुपस्थिति में सेनेटरी इंस्पेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

## हिमालय की संवेदनशीलता का ध्यान रखना चाहिए: डॉ. हटवाल

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड की लोक संस्कृति के जानकार डॉ. नंदकिशोर हटवाल ने कहा कि उच्च हिमालयी क्षेत्र में आयोजित होने वाली इस यात्रा के दौरान धार्मिक पहलुओं के साथ ही हिमालय की संवेदनशीलता को भी ध्यान में रखना चाहिए।

डॉ. हटवाल गुरुवार को चमोली जिले के विकासखंड नंदानगर के अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटरमीडिएट कालेज सितेल में नंदा राजजात एक धार्मिक और साहसिक यात्रा विषय पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि धार्मिक यात्राओं के दौरान पर्यावरण के संरक्षण का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। हमारे पूर्वजों ने हिमालय की धार्मिक और पर्यावरणीय महत्ता को ध्यान में रखते हुए उसकी पवित्रता को बनाये रखी। साथ ही इस क्षेत्र में यात्रा के दौरान मानवीय क्रियाकलापों को कई नियमों और लोकाचारों के माध्यम से प्रतिबंधित किया था, जिससे आज भी हमारे ये क्षेत्र संरक्षित हैं। इन क्षेत्रों के संक्षण के लिए नए कायदों के साथ पूर्वजों के अनुभवों और कार्यों से सीख लेनी चाहिए। तभी ये संपन्न इलाके बचे रहेंगे।




कार्यक्रम में सीपी भट्ट पर्यावरण एवं विकास केंद्र के प्रबंध न्यासी ओम प्रकाश भट्ट ने कहा कि हिमालय हमारी धार्मिक आस्था के साथ ही पर्यावरण का भी प्रमुख आधार है। मध्य हिमालय क्षेत्र में निरंतर बढ़ती वनाग्नि की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि वनाग्नि से जहां कई हेक्टेयर जंगल राख हो गये हैं वहीं कई जीव विलुप्त और कई विलुप्ति के कगार पर पहुंच गये हैं। हिमालय जैव विविधता की दृष्टि से समृद्ध है अब वनाग्नि के कारण वह भी नष्ट होने के कगार पर पहुंचने वाला है।

उन्होंने कहा कि यदि अब भी संगठित होकर हमने इस सिलसिले को नहीं रोका तो निकट भाविष्य में हमें इसके गंभीर दुष्परिणाम भुगतने होंगे। वे कितने भयावह होंगे, हम उसकी कल्पना भी नहीं कर सकते हैं।

चिपको नेता आलम सिंह बिष्ट की स्मृति में आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम के आरंभ होने से पूर्व वक्ताओं ने नेता आलम सिंह को याद कर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये। व्याख्यान में उपस्थित छात्र-छात्राओं को नंदा राजजात के धार्मिक महत्व और इतिहास के साथ ही सभी पहलुओं की जानकारी दी गयी।

विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश गौड़ की अध्यक्षता में संचालित कार्यक्रम में मंगला कोठियाल ने मुख्य वक्ता के कार्य और अनुभवों की जानकारी दी तथा कार्यक्रम का संचालन विनय सेमवाल ने किया। इस दौरान कार्यक्रम में अभिवावक संघ के अध्यक्ष यशपाल आर्य, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रणजीत सिंह, यशवंत सिह, धीर सिंह, रमेश रावत, दमयंती रावत, विमला पंत रेखा आदि ने अपने विचार रखे।

## फर्जी रजिस्ट्रेशन मामला : हरिद्वार की ट्रैवेल एजेंसी का संचालक गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड में बीते दो दिनों में ही चार धाम यात्रा के लिए फर्जी रजिस्ट्रेशन के दर्जनों मामले सामने आ चुके हैं। इनमें कोतवाली ऋषिकेश पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पहली गिरफ्तारी की है। पुलिस ने इस मामले में हरिद्वार की एक ट्रैवेल एजेंसी के संचालक को गिरफ्तार किया है।



इसी क्रम में महाराष्ट्र से आये 30 सदस्यीय दल के सागर नेमिनाब मगड़म ने हरिद्वार की कोणार्क ट्रैवेल्स के खिलाफ फर्जी रजिस्ट्रेशन के आरोप में कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस टीम ने हरिद्वार पहुंचकर आरोपित ट्रैवेल एजेंसी कोणार्क ट्रैवेल्स के संचालक अंकुश पुत्र पूर्ण चंद निवासी गली नंबर चार टीबड़ी रानीपुर मोड थाना कोतवाली रानीपुर हरिद्वार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के कब्जे से पुलिस ने फजीर्वाड़े में प्रयुक्त मोबाइल बरामद किया है। आरोपित का चालान कर दिया गया है।

गौरतलब है कि इन दिनों चारधाम यात्रा पर जो भी श्रद्धालु आ रहे हैं। उनके रजिस्ट्रेशन को बार्डर पर बने चेकिंग काउंटर पर चेक किया जा रहा है, जिनमें अब तक अलग-अलग प्रांतों से आने वाले कई तीर्थ श्रद्धालुओं के रजिस्ट्रेशन चेकिंग के दौरान फर्जी पाए गए।

इसके बाद पीड़ित श्रद्धालुओं ने इसकी शिकायत सम्बन्धित थाने में की।

# चारधाम यात्राः आस्था के आगे गर्मी ने टेके 'घुटने', श्रद्धालुओं की भीड़ से छूट रहा प्रबंधन का पसीना

**आस्था का ज्वार**

**-भक्तिमय गीतों के साथ अपने ईष्ट के रंग में रंगे श्रद्धालु, - अब तक चारों धामों में 8, 87,939 श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच चुके हैं**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड की विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा सीजन के बीच बुद्ध पूर्णिमा (स्नान पर्व) के अवसर पर आस्था का ज्वार चरम पर है। आस्था के आगे धूप और तपिश ने भी 'घुटने' टेक दिए हैं। ऐसा ही नजारा चारधाम यात्रियों में देखने को मिल रहा है। भीषण गर्मी के बावजूद देश के कोने-कोने से आए तीर्थयात्री-श्रद्धालु उत्साह के साथ भगवान का भजन गाते हुए अपने ईष्ट के रंग में रंगे दिखाई दे रहे हैं।

चिलचिलाती धूप हो या गर्मी अथवा आसमान से बरस रही आग हो, भक्ति के आगे सब बेकार है। देश-दुनिया से आए श्रद्धालु जोश और उत्साह के साथ आस्था पथ पर निरंतर बढ़ते जा रहे हैं। चारधाम यात्रा को लेकर देश-दुनिया के तीर्थयात्रियों में उत्साह देखने को मिल रहा है। ऐसे में चारधाम यात्रा में आ रहे श्रद्धालुओं का भीड़ प्रबंधन करना प्रशासन के लिए चुनौती बन रहा है। श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होने की वजह से प्रशासन के भीड़ प्रबंधन करने में पसीने छूट रहे हैं। चारों धामों में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लगी है तो सड़कों पर जाम की स्थिति फिर खड़ी हो गई है। हालांकि प्रशासन लगातार भीड़ प्रबंधन में जुटा हुआ है।



यात्रा शुरू होने से लेकर अब तक चारों धामों में 8, 87,939 श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच चुके हैं। केदारनाथ के लिए सबसे अधिक क्रेज है। केदारनाथ यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में सबसे अधिक उत्साह है। यही कारण है कि बाबा के दर पर जाने वालों की संख्या सर्वाधिक है। आस्था की डगर उन्हें ऐसे खींच लाई है कि उनके सामने अव्यवस्था और जाम जैसी समस्याएं भी बौनी साबित हो रही हैं। ऐसा लगता है कि देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं का उत्साह इस बार चारधाम में सभी रिकॉर्ड तोड़ देगा। तीर्थयात्रियों के उत्साह का आलम यह है कि उन्हें मंदिरों में दर्शन के लिए लंबी लाइन लगानी पड़ रही है। हालांकि शासन-प्रशासन ने भी यात्रियों के लिए हर स्तर पर व्यवस्थाएं की है, ताकि उन्हें परेशानियों का सामना न करना पड़े।

**मनोरम प्राकृतिक स्थलों, नदियों एवं झरनों का लुत्फ उठा रहे श्रद्धालु-**
यमुनोत्री और गंगोत्री धामों की यात्रा पर आ रहे श्रद्धालु मनोरम प्राकृतिक स्थलों, नदियों एवं झरनों का आनंद उठाने के साथ यात्रा पड़ावों पर स्थित मंदिरों का दर्शन लाभ भी प्राप्त कर रहे हैं। यात्रा मार्ग के प्रमुख पड़ाव जिला मुख्यालय उत्तरकाशी में बड़ी संख्या में रुकने वाले तीर्थयात्री नगर के प्राचीन मंदिरों व घाटों के दर्शन करने के साथ गंगा आरती में भी प्रतिभाग कर रहे हैं।

**चारधाम यात्रा के सभी मार्ग सुचारु-**
पुलिस महानिदेशक उत्तराखंड अभिनव कुमार ने बताया कि चारधाम यात्रा के सभी मार्ग खुले हैं। यातायात का अधिक दबाव होने के कारण वाहनों को धीरे-धीरे करके छोड़ा जा रहा है। डायवर्जन भी किया जा रहा है।

हरिद्वार देहरादून, ऋषिकेश के लिए डायवर्जन प्लान लागू किया गया है। उत्तरकाशी एवं केदारनाथ मार्ग पर रोक-रोक कर वाहनों को भेजा रहा है। चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण अनिवार्य है। ऐसे में हरिद्वार, देहरादून, टिहरी जनपद में पंजीकरण चेक किया जा रहा है।

# अधेड़ ने फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला की समाप्त



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
कोतवाली क्षेत्रांतर्गत गोवर्धनपुर रोड स्थित सुखपाल एनक्लेव कॉलोनी लक्सर निवासी एक अधेड़ ने डिप्रेशन के चलते फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने व्यक्ति के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक ठेकेदारी का काम करता था। वह काम न मिलने पर डिप्रेशन में था।

लक्सर के सुखपाल एनक्लेव में किराए पर रह रहे इरशाद (55) ने छत के पंखे में रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक यूपी के मुजफ्फरनगर जिले के गांव मिमलाना का रहने वाला था, जो लक्सर में ठेकेदारी का कार्य करता था। काम नहीं मिलने की वजह से वह कई दिनों से डिप्रेशन में चल रहा था।

कालोनी वासियों ने सुबह 7. 30 बजे इरशाद के कमरे का दरवाजा खुला हुआ देखा। उन्होंने इरशाद को छत के पंखे में रस्सी के फंदे से लटका पाया। इरशाद की फांसी खबर से लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। फांसी लगाने की सूचना वहीं पर रह रहे साजिद ने 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर कोतवाली लक्सर में तैनात उप निरीक्षक चेतक कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे और शव को फंदे से नीचे उतारा। पुलिस ने मृतक के बारे में जानकारी जुटाई तो पता चला कि मृतक काम नहीं मिलने की वजह से डिप्रेशन में था।

# चारधाम यात्रा : अब तीर्थयात्रियों की रिपोर्ट प्रतिदिन गृह मंत्रालय को भेजी जाएगी

**चारधाम यात्रा**

**-मुख्य सचिव ने केन्द्रीय गृह सचिव को वर्चुअल बैठक में दिया चारधाम यात्रा का अपडेट**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने गुरुवार को केन्द्रीय गृह सचिव को चारधाम यात्रा का अपडेट दिया। चारों धामों के यात्रा मार्गों और ठहराव स्थलों में यात्रियों की रिपोर्ट प्रतिदिन गृह मंत्रालय को भेजी जाएगी। इस दौरान केन्द्रीय गृह सचिव ने भविष्य में चारधाम यात्रा प्रबन्धन की रणनीति के लिए कमेटी का गठन करने और धरातल स्तर पर यात्रा प्रबन्धन पर कड़ी निगरानी के निर्देश दिए।

गुरुवार को मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने केन्द्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला को वर्चुअल माध्यम से हुई बैठक में राज्य में चारधाम यात्रा की अद्यतन जानकारी दी। केन्द्रीय गृह सचिव ने मुख्य सचिव को धामों, यात्रा मार्गों एवं ठहराव स्थलों में यात्रियों की रिपोर्ट प्रतिदिन गृह मंत्रालय को भेजने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने जरूरत पड़ने पर यात्रा मार्ग पर क्राउड मैनेजमेंट के लिए एनडीआरएफ और आईटीबीपी की मदद लेने के भी निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही केन्द्रीय गृह सचिव ने भविष्य में चारधाम यात्रा प्रबन्धन की रणनीति के लिए एक कमेटी का गठित करने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने धरातल स्तर पर यात्रा प्रबन्धन पर कड़ी निगरानी पर विशेष बल दिया है।

मुख्य सचिव रतूड़ी ने केन्द्रीय गृह सचिव को बताया कि राज्य में चारधाम यात्रा सफलतापूर्वक, सुरक्षित, सुगम एवं सुचारु रूप से संचालित हो रही है। सभी राज्यों विशेषकर पांच प्रमुख राज्यों उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात व महाराष्ट्र, जहां से सबसे अधिक यात्री चारधाम पर आते हैं। उनके मुख्य सचिवों को पत्र के माध्यम से और व्यक्तिगत तौर पर बातचीत कर अनुरोध किया गया है कि यात्री सिर्फ पंजीकरण के बाद ही चारधाम यात्रा पर आएं। जिस तिथि का पंजीकरण हुआ है, उस तिथि को ही चारधाम यात्रा पर आएं। साथ ही व्यवस्था बनाए रखने के लिए 31 मई तक चारधाम यात्रा के ऑफलाइन पंजीकरण पर रोक लगाई गई है।

मुख्य सचिव ने यात्रा मैनेजमेंट सिस्टम की जानकारी देते हुए कहा कि पंजीकरण के लिए उत्तराखण्ड टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड द्वारा 24 घण्टे संचालित होने वाला कॉल सेन्टर कार्य कर रहा है। पंजीकृत श्रद्धालुओं को बड़कोट (यमुनोत्री), हीना (गंगोत्री), सोनप्रयाग (केदारनाथ) तथा पाण्डुकेश्वर (बद्रीनाथ) में चेक किया जा रहा है। जानकीचट्टी (यमुनोत्री), गंगोत्री मंदिर (गंगोत्री), स्वगारोहिणी (केदारनाथ) तथा आईएसबीटी, बीआरओ और माणा (बद्रीनाथ) में धामों के दर्शन के लिए पंजीकृत श्रद्धालुओं को टोकन जारी किए जा रहे हैं। मंदिरों के परिसर में पंक्ति में लगे श्रद्धालुओं के टोकन पर मोहर लगाकर उनके लिए धामों के दर्शनों की व्यवस्था की गई है।

उन्होंने बताया कि 22 मई तक कुल 31,18,926 रजिस्ट्रेशन में से यमुनोत्री के लिए 4,86,285, गंगोत्री के लिए 5,54,656, केदारनाथ के लिए 10,37,700, बद्रीनाथ के लिए 9,55,858 और हेमकुण्ड साहिब के लिए 84427 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण करवाया है। चारधाम यात्रा पर आने वाले सर्वाधिक श्रद्धालुओं वाले 10 राज्यों में क्रमशः उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, दिल्ली, बिहार, हरियाणा, पश्चिम बंगाल और छतीसगढ़ हैं।

# पुलिस ने दो तस्कर किए गिरफ्तार, स्मैक और शराब बरामद

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
लक्सर पुलिस ने नशा तस्करों पर कार्रवाई करते हुए दो नशा तस्करों को अलग-अलग जगह से गिरफ्तार किया है, जिनके पास से पुलिस ने 4.80 ग्राम अवैध स्मैक और 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दोनों को न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस के मुताबिक नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी, बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के लिए क्षेत्र में नियमित रूप से नशा तस्करों के संभावित स्थानों पर छापेमारी की जा रही है।

# रात्रि में विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर मुख्यमंत्री से की शिकायत

**पुनः शिकायत**

**सेठी ने कहा कि मुख्यमंत्री के आदेश बिजली, पानी की समुचित व्यवस्था को भी विद्युत विभाग आईना दिखा रहा है**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
महानगर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुनील सेठी ने उत्तरी हरिद्वार खड़खड़ी, भूपतवाला, मुख्य बाजारों में, मोहल्लों में पांच घंटे तक रात्रि में विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए मुख्यमंत्री को पुनः शिकायत की है।

सेठी ने कहा कि मुख्यमंत्री के आदेश बिजली, पानी की समुचित व्यवस्था को भी विद्युत विभाग आईना दिखा रहा है और सरकार को बदनाम कर रहा है। कुछ अधिकारियों की कार्यशैली की वजह से सरकार के आदेशों की अवेहलना हो रही है। विशेषकर उत्तरी हरिद्वार भूपतवाला, पंतदीप दफ्तरों का हाल बुरा है, जहां रात्रि में रोजाना का विद्युत कटौती का खेल जारी है। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा बुरा प्रभाव भीषण गर्मी में रात्रि में स्थानीय जनता और होटल धर्मशाला में ठहरने वाले यात्री भुगत रहे हैं। जहां यात्रियों की रोजाना प्रबंधकों के साथ आपूर्ति बाधित होने पर पैसों को लेकर कहासुनी हो रही है। व्यापारियों का कच्चा सामान खराब हो रहा है।

शिकायत करने वालों में मुख्य रूप से जितेंद्र चौरसिया, नाथीराम सैनी, सुनील मनोचा, मुकेश अग्रवाल, पंकज माटा, धर्मपाल सिंह, राकेश सिंह, अनिल कोरी, मनोज कुमार, प्रीत कमल, गणेश कुमार, पवन पांडे, एसएन तिवारी, विनेश शर्मा, बंटी कुमार, सोनू चौधरी, उमेश अग्रवाल रहे।

# खुले में शराब पिलाने वाले होटल संचालक को किया गिरफ्तार, शराब की बोतलें बरामद

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने खुले में शराब पिलाने वाले होटल संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक होटल संचालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से खाली शराब की बोतलें और गिलास बरामद किए हैं।



देर रात्रि ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र के रेलवे रोड ट्रक यूनियन के पास होटल और ढाबों में चेकिंग के दौरान बंटी नानवेज होटल में बैठकर शराब पीकर चार लोग शोर शराबा कर रहे थे। पुलिस के पहुंचते ही चारों भागने में कामयाब रहे। इस दौरान होटल संचालक शावेज पुत्र साजिद अली निवासी लाल कुर्ती कोतवाली रुड़की, हरिद्वार हाल निवासी बंटी नॉनवेज कोतवाली ज्वालापुर हरिद्वार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित के होटल से खाली व भरी हुई शराब की बोतलें और गिलास बरामद किए। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसका चालान कर दिया है।

# लोखंडी के पास एक वाहन खाई में गिरा, चार लोग घायल




**हादसा**

**कार सवार सभी घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
चकराता से विकासनगर की ओर आते समय गुरुवार को चकराता मार्ग पर लोखंडी के पास एक वाहन खाई में गिर गया। इस हादसें में कार सवार सभी चार घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एसडीआरएफ ने जनपद देहरादून-चकराता क्षेत्रान्तर्गत त्यूणी मार्ग पर वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने पर चलाया राहत व बचाव अभियान। पुलिस के अनुसार चकराता क्षेत्र में त्रिवेणी मार्ग पर लोखंडी के पास वाहन संख्या डीएल-8उ एसी-6667 चकराता से विकासनगर की ओर आ रही थी। इसी दरम्यान वाहन अनियंत्रित होकर 10 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। उक्त वाहन में कुल 04 लोग सवार थे।

सूचना पर स्थानीय पुलिस और एसडीआरएफ टीम रेस्क्यू उपकरणों के साथ तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई।टीम घटनास्थल पर पहुंचकर राहत बचाव कार्य शुरू किया। लगभग 10 मीटर नीचे खाई में उतरकर सभी सवारों को स्थानीय लोगों की सहायता खाई से बाहर निकाला। एंबुलेंस से सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भर्ती किया गया है। घायलों में 21 वर्षीय काजल शर्मा पुत्री अनंत शर्मा, निवासी देहरादून, 21 वर्षीय अमन शर्मा पुत्र जयप्रकाश शर्मा निवासी मेरठ, कार्तिक ममगई पुत्र सुभाष ममगई, निवासी दिल्ली और रिया थापा पुत्री सुजू थापा निवासी शिमला, हिमाचल प्रदेश।

# प्रदेश के पांच जनपदों में 26 मई तक बारिश की संभावना

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मौसम विभाग ने पांच जिलों में 26 मई तक बारिश होने की संभावना जताई गई है। इनमें उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़, बागेश्वर के नाम शामिल हैं।

गुरुवार को ऊधमसिंहनगर, हरिद्वार को छोड़कर सभी जनपदों में वर्षा की संभावना जताई गई है, जबकि टिहरी, देहरादून, पौड़ी, अल्मोड़ा, चंपावत, नैनीताल, ऊधमसिंहनगर तथा हरिद्वार में मौसम शुष्क रहेगा।

# पूजा-अर्चना के साथ खुले सागिलानाग मंदिर के कपाट, ग्रामीणों ने किए दर्शन

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के देवाल विकास खंड के तलोर पदमला गांव के रागुडी तोक में स्थित सागिला नाग मंदिर के कपाट विधि विधान से पूजा-अर्चना के बाद ग्रामीणों के दर्शनार्थ खोले गए। गांव के लोगों ने नाग देवता की सामूहिक पूजा अर्चना प्रदेश और क्षेत्र की खुशहाली की मनोकामना की।

गुरुवार को बुद्ध पूर्णिमा के शुभलग्नानुसार सागिला नाग देवता को कैल और पिंडर नदी के पावन जल से स्नान करवाया गया। पंडित हंसा प्रसाद मिश्रा ने मंदिर में वेद पाठी मन्त्रोंच्चारण कर यज्ञ हवन कर मंदिर के कपाट भक्तो के दर्शनार्थ खोले। मंदिर के पुजारी केदार सिंह रावत ने देव नृत्य कर फल फूल प्रसाद वितरण किया।



इस मौके पर व्यापार संघ के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह रावत, कलम सिंह रावत, प्रताप सिंह, नरेंद्र रावत, रणजीत सिंह, गोपाल सिंह, भरत सिंह, खुशाल सिंह, केदार सिंह, भरत सिंह समेत युवक मंगल दल और महिला मंगल दल के लोग मौजूद थे।

**क्या है मान्यता?** मान्यता है कि अपने आप को श्रेष्ठ करने के लिए सागिलानाग और वैधानाग के बीच शर्त लगी की जो कैल और पिंडर के संगम में स्नान कर पहले अपने मठ में पहुंच कर पहले शंख बजायेगा, वही विजयी माना जायेगा। लेकिन संगम से स्नान करते समय सागिला नाग अपनी धोती संगम पर भूल गया ओर फिर रागुडी नामक स्थान पर वापस धोती लेने लौट रहा था, तभी वैधा नाग ने अपने मठ से शंख बजा दी और गुस्से से सागिला नाग ने विशालकाय पत्थर को अपने फन से कस दिया। यहां पर आज भी उस पत्थर पर निशान मौजूद हैं। नाग को मनाने के लिए ग्रामीण बुद्ध पूर्णिमा को कपाट खोल कर गांव की रिद्धि सिद्धि के लिए पूजा प्रार्थना करते हैं।

# मिस उत्तराखंड के एवलॉन मिस पर्सनालिटी सब टाइटल का आयोजन

**मिस पर्सनालिटी**

**एवलॉन एविएशन एके-डमी में एवेलॉन मिस पर्सनालिटी सब टाइटल का आयोजन किया गया।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
सिनमिट कम्युनिकेशन्स की ओर से आयोजित कमल ज्वेलर्स-ब्लेंडर्स प्राइड मिस उत्तराखंड-2024 के एवलॉन मिस पर्सनालिटी सब टाइटल का आयोजन किया गया। इस मौके पर मॉडल्स ने कैटवॉक कर जजेज के सवालों के जवाब दिए।

सिनमिट कम्युनिकेशन्स की ओर से गुरुवार को राजपुर रोड स्थित एवलॉन एविएशन एकेडमी में एवेलॉन मिस पर्सनालिटी सब टाइटल का आयोजन किया गया। इस सब कांटेस्ट में 30 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

सब कांटेस्ट में प्रतिभागियों ने आकर्षक ड्रेसेस पहनी हुई थीं। साथ ही उन्होंने जजेज के सवालों के जवाब भी दिए। मॉडल्स ने डांस, सिंगिंग और एक्टिंग के हुनर से सबको प्रभावित किया। मिस टैलेंटेड और मिस बॉलीवुड सब टाइटल के लिए मॉडल्स ने बेहतर तैयारी की हुई थी। इस दौरान देहरादून सहित हल्द्वानी, हरिद्वार, ऋषिकेश, पौड़ी और रुड़की की प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर सिनमिट कम्युनिकेशन्स के डायरेक्टर और आयोजक दलीप सिंधी और राजीव मित्तल ने बताया कि प्रतिभागियों की लगातार ग्रूमिंग के बाद 26 मई को ग्रैंड फिनाले का आयोजन होगा। बताया कि कांटेस्ट कमल ज्वैलर्स और ब्लेंडर्स प्राइड की ओर से प्रेजेंट किया जा रहा है।

आयोजकों ने बताया कि हयात सेंट्रिक, न्यू इरा फोटो स्टूडियो और इंस्पिरेशन पीआर की ओर से इवेंट में विशेष सहयोग किया जा रहा है। कांटेस्ट की पूरी कोरियोग्राफी जेश पुष्कर सोनी और स्टाइलिंग अदिति की ओर से की जा रही है। जजेस की भूमिका में एवलॉन एविएशन इंस्टीट्यूट के डाइरेक्टर- विनीत जैन, सेंटर हेड- रुचिका कपूर और मिस उत्तराखंड एवं सॉफ्ट स्किल ट्रेनर प्रिया बिष्ट, निशांत धीमान, अदिति राणा और प्रिया बिष्ट उपस्थित थे।

# यूटिलिटी दुर्घटना में चालक की मौत

**दुर्घटना**

**यूटिलिटी वाहन कद्दूखाल के पास गुरुवार को तड़के अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया।**

**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
चंबा थाने के तहत देहरादून से चंबा की ओर आ रहा यूटिलिटी वाहन कद्दूखाल के पास गुरुवार को तड़के अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया। इसमें चालक की मौके पर ही मौत हो गई।

चंबा थानाध्यक्ष ने बताया कि दुर्घटना की सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ मौके पर पहुंची और तत्काल रेस्क्यू कार्य शुरू किया। चालक सुमन (32) पुत्र शूरवीर सिंह मौके पर ही मृत पाया गया। वह ग्राम सिवालीपातल तहसील कंडीसौड़ (टिहरी) का निवासी था। दुर्घटना की सूचना मृतक के परिजनों का दे दी गई है।



## संपादकीय

# लोक कल्याण से प्रेरित पत्रकारिता

**मीडिया** का क्षेत्र बहुत व्यापक हो गया है। प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक के साथ अब सोशल मीडिया की भी बाढ़ है। लेकिन यह सब तभी तक सार्थक है, जब तक इनके सामाजिक सरोकार भी है। इसके निर्वाह के लिए भारतीय संस्कृति के प्रति आग्रह आवश्यक है। भारत में देवर्षि नारद ने ही पत्रकारिता का प्रादुर्भाव किया था। उनके चौरासी सूत्र आधुनिक पत्रकारिता के संदर्भ में भी प्रासंगिक हैं। उनकी सभी बात आज की मीडिया पर न केवल लागू होती है, बल्कि उनपर अमल से मीडिया को आदर्श रूप दिया जा सकता है। लेकिन आधुनिक वामपंथी खेमे पत्रकारों ने भारतीय संस्कृति की घोर अवहेलना की। उदारीकरण और वैश्वीकरण ने नया संकट पैदा किया है। ऐसे में राष्ट्रवादी पत्रकारिता के महत्व को बनाये रखने की चुनौती है। इसमें धीरे धीरे सफलता भी मिल रही है। देश इस समय आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। यह संयोग है कि इस दौरान राष्ट्रवादी विचार से प्रेरित अनेक संगठन व संस्थान भी अपना अमृत वर्ष मना रहे हैं। कुछ समय पहले विद्यार्थी परिषद द्वारा अपनी स्थापना के सात दशक होने पर ध्येय यात्रा पुस्तक का लोकार्पण नई दिल्ली में किया गया। राष्ट्र भाव की पत्रकारिता के अनुरूप कार्य करने की आवश्यकता है। भविष्य की चुनौतियों का समाना करते हुए लोगों तक गुणवत्तापूर्ण समाचार प्रेषित करना आवश्यक है। भारतीयता को विशेष महत्व देते हुए सत्य, संवाद और सेवा को अपना ध्येय बनाना होगा।वर्तमान समय में पत्रकारिता कई चुनौतियों का समाना कर रही है। प्रिंट, विजुअल और डिजिटल मीडिया के साथ ही लोगों का दृष्टिकोण बदला है। इन चुनौतियों का सामना करते हुए हुए राष्ट्रवादी पत्रकारिता प्रगति करेगी। पत्रकारिता को धर्म मानकर काम करने वाले ही सफल होते है। राष्ट्रवादी पत्रकारों ने इसी विचार के अनुरूप कार्य किया है। पत्रकारिता के क्षेत्र में आदर्श अपेक्षित हैं। उनके पालन से ही समाज व राष्ट्र का हित सुनिश्चित होता है। इन आदर्शों की अवहेलना नहीं होनी चाहिए। समाचार सम्प्रेषण में स्पष्टता व गुणवत्ता रहनी चाहिए। इससे प्रामाणिकता कायम होती है। साथ ही समाज का भी कल्याण होता है। उसी के आधार पर देश का लोकतंत्र स्वस्थ बना रहेगा। देश के लोकतंत्र का स्वस्थ बने रहना समग्र विकास के लिए आवश्यक शर्त है। समाज जागरूक होकर सही दिशा में चलता है तभी लोकतंत्र सफल होता है। इसी धारणा से कार्य करना चाहिए।आज ऐसी ही ध्येयवादी पत्रकारिता की आवश्यकता है। आज के समय में यह भूमिका और भी अधिक बड़ी हो जाती है। आने वाले समय में भारत का सटीक और सही चित्रण विश्व पटल में रखने की बड़ी भूमिका निभानी होगी। वस्तुतः भारतीय पत्रकारिता का वामपंथी विचारों ने नुकसान किया है। इसके लिए वामपंथियों ने अपना स्वरूप भी बदला है। कार्ल मार्क्स ने आर्थिक आधार समाज की व्याख्या की थी। उसने समाज को दो वर्गों में बांटा था। पहला पूंजीपति और दूसरा सर्वहारा। पूंजीपति सदैव सर्वहारा का शोषण करता है। दोनों में संघर्ष चलता रहता है। यह वामपंथियों, मार्क्सवादियों, माओवादियों, नक्सलियों का मूल चिंतन रहा है। इसमें अनेक बदलाव भी होते रहे। भारत के वामपंथियों ने मीडिया में अपना सांस्कृतिक विचार चलाया है। इसमें मार्क्स का आर्थिक चिंतन बहुत पीछे छूट गया। पूंजीपति और सर्वहारा की बात बन्द हो गई।

# पत्रकारिता को नारदीय आदर्श अपनाने की आवश्यकता



मृत्युंजय दीक्षित

"महारानी द्रौपदी को पांच पांडवों के साथ रहने का नियम भी नारद जी ने ही बनवाया था जिससे पतिव्रता द्रौपदी और पांचों पांडवों के बीच सामंजस्य का वातावरण बना रहे। नारद जी के व्यक्तित्व व कृतित्व को लेकर भांति - भांति की कथाएं प्रचलित हैं। सभी पुराणों में महर्षि नारद एक मुख्य व अनिवार्य भूमिका में उपस्थित हैं। परमात्मा के विषय में संपूर्ण ज्ञान प्राप्त करने वाले दार्शनिक को नारद कहा गया है।पुराणों में नारद को भागवत संवाददाता भी कहा गया है। यह भी सर्वमान्य है कि नारद की ही प्रेरणा से महर्षि वाल्मीकि ने रामायण जैसे महाकाव्य और व्यास ने महाभारत जैसे काव्य की रचना की थी। नारद सदैव ही सामूहिक कल्याण की भावना को सर्वोपरि रखते थे। नारद में अपार संचार योग्यता व क्षमता थी। आदि पत्रकार नारद जी की पत्रकारिता सज्जन रक्षक व एवं दुष्ट विनाशक की थी।"

**सृष्टिकर्ता** प्रजापति ब्रहमा के मानस पुत्र नारद। महान तपस्वी, तेजस्वी, सम्पूर्ण वेदान्त, शास्त्र के ज्ञाता तथा समस्त विद्याओं में पारंगत नारद। ब्रह्मतेज से संपन्न नारद। नारद जी के महान कृतित्व व व्यक्तित्व पर जितनी भी उपमाएं लिखी जाएं कम हैं। देवर्षि नारद ने अपने धर्म से परमात्मा का ज्ञान प्राप्त किया । वे प्राणी मात्र के कल्याण के लिए सदा उपस्थित रहे। वे देवता, दानव और मानव समाज के हित के लिये सर्वत्र विचरण, चिंतन व विचार मग्न रहते थे। देवर्षि नारद की वीणा से निरंतर नारायण की ध्वनि निकलती रहती थी। भगवदभक्ति की स्थापना तथा प्रचार के लिए ही नारद का अवतार हुआ। नारद चिरंजीवी हैं। नारद जी का संसार में अमिट प्रभाव है। देव, दानव, मानव सबके सत्कार्यों में देवर्षि नारद सहायक सिद्ध होते हैं ।नारद जी का जीवन जनकल्याण व मंगलमय जीवन के लिये ही है। नारद जी पर नारायण की विशेष कृपा है। वे शत्रु तथा मित्र दोनों में ही लोकप्रिय थे। देवर्षि नारद त्रिकालदर्शी व पृथ्वी सहित सभी ग्रह नक्षत्रों में घट रही घटनाओं के ज्ञाता तो थे ही उनके मन में कठिन से कठिन समस्याओं के समाधान भी चलायमान रहते थे। देवर्षि नारद व्यास, वाल्मीकि, शुकदेव जी के गुरु रहे। नारद ने ही प्रहलाद, ध्रुव, राजा अम्बरीष आदि को भक्ति मार्ग पर प्रवृत्त किया। नारद ब्रहमा, शंकर, सनतकुमार, महर्षि कपिल, मनु आदि बारह आचार्यों में अन्यतम हैं। प्रचलित कथा के अनुसार देवर्षि नारद अज्ञातकुलशील होने पर भी देवर्षि पद तक पहुंच गये थे। बाल्यकाल में भी उनके मन में चंचलता नहीं थी, वे मुनि जनों की आज्ञा का पालन किया करते थे। उनकी अनुमति प्राप्त करके वे बर्तनों में लगी हुई जूठन दिन में एक बार खा लिया करते थे। इससे उनके जन्म के सारे पाप धुल गये। नारद की सेवा से प्रभावित होकर मुनिगण उन पर अपनी कृपा रखने लगे।

संतों की सेवा करते - करते उनका हृदय शुद्ध रहने लगा। भजन - पूजन में उनकी रुचि बढ़ती गयी। उनके हृदय में भक्ति का प्रादुर्भाव हो गया। वे अपनी माता के साथ ब्राहमण नगरी में रहते थे। माता के कारण वे भी कहीं अन्यत्र नहीं जा सके। कुछ दिनों बाद एक दिन उनकी माता को सर्प ने काट लिया जिससे उनकी मृत्यु हो गयी नारद जी ने उसे विधि का विधान माना और गृह का त्याग करके उत्तर दिशा की ओर चल दिये। इसके बाद उन्होनें अपनी सतत साधना और तपस्या के बल पर देवर्षि का पद प्राप्त किया। किसी - किसी पुराण में देवर्षि नारद को उनके पूर्वजन्म में सारस्वत नामक एक ब्राहमण बताया गया है। जिन्होनें ॐ नमो नारायणाय मंत्र के जाप से भगवान नारायण का साक्षात्कार किया। कालांतर में पुनः ब्रहमा जी के दस मानस पुत्रों के रूप में जन्म लिया। नारद शुद्धात्मा, शांत, मृदु तथा सरल स्वभाव के हैं। मुक्ति की इच्छा रखने वाले सभी लोगों के लिए नारद जी स्वयं ही प्रयत्नशील रहते हैं।नारद जी को ईश्वर के प्रत्यक्ष दर्शन होते थे। उन्हें ईश्वर का मन कहा गया है। वे परम हितैषी हैं उनका अपना कोई स्वार्थ नहीं हैं। वे प्रभु की प्रेरणा से निरंतर कार्य करते रहते हैं। नारद जी ने दक्ष प्रजापति के हयाश्व- शबलाक्ष नामक सहस्त्र पुत्रों को अध्यात्म तत्व का पाठ पढ़ाया। देवर्षि नारद ने सभी के लिये भगवदभक्ति का द्वार खोल रखा था। वे जीव मात्र के कल्याण के लिये भगवान नाम कीर्तन की प्रेरणा देते रहते हैं।

देवर्षि नारद का वर्ण गौर सिर पर सुंदर शिखा सुशोभित है। उनके शरीर में एक विशेष प्रकार की उज्जवल ज्योति निकलती रहती थी। वे देवराज इंद्र द्वारा प्राप्त श्वेत दिव्य वस्त्रों को धारण किये रहते हैं। वे अनुषांगिक धर्मों के ज्ञाता थे। नारद लोप, आगम, धर्म तथा वृत्ति संक्रमण के द्वारा प्रयोग में आये हुये एक-एक शब्द की अनेक अर्थों में विवेचना करने में सक्षम थे। कृष्ण युग में गोपियों का वर्चस्व स्थापित किया। प्रथम पूज्य देव गणेश जी को नारद जी का ही मार्गदर्शन प्राप्त हुआ था। देवर्षि नारद स्वभावतः धर्म निपुण तथा नाना धर्मों के विशेषज्ञ हैं।वे चारों वेदों के ज्ञाता हैं। उन्होंने विभिन्न वैदिक धर्मों की मयार्दाएं स्थापित की हैं। वे अर्थ की व्याख्या के समय सदा संशयों का उच्छेद करते हैं। नारद जी के द्वारा रचित अनेक ग्रंथों का उल्लेख मिलता है - जिनमें प्रमुख हैं नारद पंचरात्र,नारद महापुराण,वृहद रदीय पुराण, नारद स्मृति, नारद भक्ति सूत्र, नारद परिवाज्रक उपनिषद आदि। इसके अतिरिक्त नगरीय शिक्षा शास्त्र के साथ ही अनेक स्तोत्र भी नारद जी के द्वारा रचित बताये जाते है। भगवद भक्ति की स्थापना तथा प्रचार के लिये नारद जी का आविर्भाव हुआ। देवर्षि नारद धर्म के प्रचार तथा लोक कल्याण हेतु सदैव प्रयत्नशील रहते थे। इस कारण सभी युगों में सभी लोकों में समस्त विद्याओं में समाज के सभी वर्गों में नारद जी का सदा से प्रवेश रहा है। मात्र देवताओं ने ही नहीं वरन दानवों ने भी उन्हें सदैव आदर किया है। समय -समय सभी ने उनसे परामर्श लिया है। नारद जी भागवत संवाददाता भी थे, संदेश वाहक भी थे और ब्रह्माण्ड के प्रथम पत्रकार भी माने गये। नारद जी के विभिन्न उपनाम भी हैं। कौटिल्य के अर्थशास्त्र में उन्हें संचारक अर्थात सूचना देने वाला पत्रकार कहा गया है।इसके अतिरिक्त संस्कृत के शब्दकोष में उनका एक नाम पिशुन आया है जिसका अर्थ है सूचना देने वाला संचारक, सूचना पहुंचाने वाला ,सूचना को एक स्थान से दूसरे स्थान तक देने वाली है। आचार्य पिशुन से स्पष्ट है कि देवर्षि नारद तीनों लोकों में सूचना अथवा समाचार के प्रेषक के रूप में परम लोकप्रिय थे। वे रामायण युग में भी थे तो महाभारत काल में पांडवों के सबसे बड़े हित साधक भी थे। जनमानस के कल्याणार्थ नारद मुनि ने सत्यनारायण भगवान की कथा, व्रत महात्मय आदि की श्रेष्ठता समाज में स्थापित की। जिज्ञासा प्रकट करने के बाद ही भगवान श्रीहरि ने नारद जी को समस्त पूजा एवं हवन का विस्तार से वर्णन किया और अंत में आश्वस्त करते हुए उनसे कहा कि श्रद्धा पूर्वक किया गया भगवान सत्य नारायण का व्रत सभी कामनाओं को पूर्ण करने वाला होता है।महाभारत युग में भी पाण्डवों का हित साधन नारद जी ने ही किया था। महारानी द्रौपदी को पांच पांडवों के साथ रहने का नियम भी नारद जी ने ही बनवाया था जिससे पतिव्रता द्रौपदी और पांचों पांडवों के बीच सामंजस्य का वातावरण बना रहे। नारद जी के व्यक्तित्व व कृतित्व को लेकर भांति - भांति की कथाएं प्रचलित हैं। सभी पुराणों में महर्षि नारद एक मुख्य व अनिवार्य भूमिका में उपस्थित हैं। परमात्मा के विषय में संपूर्ण ज्ञान प्राप्त करने वाले दार्शनिक को नारद कहा गया है।पुराणों में नारद को भागवत संवाददाता भी कहा गया है। यह भी सर्वमान्य है कि नारद की ही प्रेरणा से महर्षि वाल्मीकि ने रामायण जैसे महाकाव्य और व्यास ने महाभारत जैसे काव्य की रचना की थी। नारद सदैव ही सामूहिक कल्याण की भावना को सर्वोपरि रखते थे। नारद में अपार संचार योग्यता व क्षमता थी।आदि पत्रकार नारद जी की पत्रकारिता सज्जन रक्षक व एवं दुष्ट विनाशक की थी। वे सकारात्मक पत्रकार की भूमिका में रहा करते थे। पत्रकार के रूप में काशी, प्रयाग,मथुरा ,गया ,बद्रिकाश्रम, केदारनाथ, रामेश्वरम सहित सभी तीर्थों की सीमा तथा महत्व का वर्णन नारद पुराण में मिलता हैं। देवर्षि नारद जी की पत्रकारिता समाज के लिए हितकारी व दुष्टों का संहार करने वाली थी। नारद जी की पत्रकारिता अध्यात्म पर आधारित थी। उन्होंने स्वार्थ , लोभ, एवं माया के स्थान पर परमार्थ को श्रेष्ठ माना। महान विपत्तियों से मानवता की रक्षा का काम किया।

वर्तमान समय में पत्रकारिता को नारदीय आदर्श अपनाने की आवश्यकता है।



## कविता

### कामनाओं, आकांक्षाओं से मुक्त

नदिया, पहाड़ और झरने
सदैव एक से होते हैं
ना बाढ़ से परेशान
ना सुखे से हलाकान,
पहाड़ चट्टान सदृश्य कठोर
नदियों में निर्बाध प्लावन
झरनों में स्निग्धता।
परिस्थितियों भी
मौसम की तरह है
कभी सावन, कभी
भादो,कभी आषाढ़
कभी भयानक सूखा
कभी भयानक बाढ़,
हे मनुष्य,
जीवन तो जीवन है
तेरा,मेरा नहीं सबका है,
क्यों ना हम निस्पृह रहें,
इन पेड़ों और पत्तियों
टहनियों की तरह
ना बारिश से परेशान
ना पतझड़ से हैरान।
सुख और आनंद
दुख और अवसाद
चाहत का अतिरेक
स्पृहा का मोहपाश
मोह के मायाजाल
का अदृश्य स्वरूप,
कृष्ण ने भी कहा है

संजीव

## माता-पिता की चाहत होती है कि बच्चे आत्मनिर्भर बनें

विजय गर्ग

**माता-पिता** का प्राथमिक; बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना हर माता-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चे की अच्छी परवरिश हो, वे भविष्य में आत्मनिर्भर बनें और अपना और दूसरों का ख्याल रखें। ऐसे में अगर आप भी चाहते हैं कि आपका बच्चा शुरू से ही आत्मनिर्भर बने तो उसे बचपन से ही कुछ चीजें सिखाएं, ताकि आगे चलकर आपको परेशानियों का सामना न करना पड़े। आत्मनिर्भर व्यक्ति अपने किसी भी निर्णय के लिए दूसरों पर निर्भर नहीं रहता। वो मालिक हैमेहनत से आगे बढ़ते हैं. ऐसा व्यक्ति अपने विचारों को दूसरों के साथ साझा करने से नहीं डरता। इससे उसका आत्मविश्वास बढ़ता है. अगर बच्चे को शुरू से ही यह सिखाया जाए तो ऐसे बच्चे आगे चलकर खूब तरक्की करते हैं। बच्चा अपने निर्णय स्वयं लेना सीखता है। वह सही और गलत के बीच चयन करना सीखता है। वह हर चीज के लिए किसी पर निर्भर नहीं रहते। घर के कामों में लग जाओ बच्चे को घर के कामों में शामिल करें। बच्चे को बचपन से ही धूल झाड़ना, रसोई में मदद करना आदि गुण सिखाएं, ताकि भविष्य में आपको हर बात के लिए बोलने की जरूरत न पड़े।. सफाई के दौरान बच्चों को पहले झाड़ू लगाने, फिर झाड़ू-पोछा आदि करने का क्रम और साथ ही कूड़े की देखभाल कैसे करनी है, यह भी सिखाना चाहिए। स्वच्छता का मतलब है हर चीज को व्यवस्थित और सही जगह पर रखना। सामाजिक कौशल यदि बच्चा बाहर खेलने जाता है, तो उसे बाहरी सामाजिक कौशल के बारे में सिखाएं, बाहर के लोगों से कैसे बात करें, अपने विचारों को उनके सामने कैसे प्रस्तुत करें। विचारों को लोगों के सामने रखना हर माता-पिता चाहते हैं कि उनका बच्चा अच्छे गुणों वाला हो, इसलिए बच्चेउसे हमेशा अच्छे संस्कार सिखाएं और अपने विचारों को खुलकर व्यक्त करने का मौका दें। अपने आप को काम करने दो बच्चे को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पहले उसे अपना काम खुद करने दें। ऐसा करते समय उस पर नजर रखें। स्कूल से आने के बाद उसे अपना स्कूल का गाउन, यूनिफॉर्म, जूते-मोजे उतारकर सही जगह पर रखने दें। ऐसे छोटे-छोटे काम खुद करने की आदत डालें। काम से प्रेम करना होगा घर पर बहुत सारा काम होता है. घर के कामों में हर किसी की भागीदारी जरूरी है, चाहे वह लड़का हो या लड़की। कई माता-पिता केवल लड़कियों से ही पूछते हैंएम पढ़ाता है, लड़के नहीं. हालाँकि, आधुनिक समय में लड़के और लड़कियों दोनों के लिए काम सीखना जरूरी है। कई जगहों पर माता-पिता दोनों या कोई एक काम करता है, लेकिन घर के काम का बोझ मां पर पड़ता है। माता-पिता दोनों को मिलकर काम करना चाहिए और बच्चों को भी इसमें शामिल करना चाहिए। इससे काम तो जल्दी हो जाएगा ही, इस तरह बच्चों में शौक और परिश्रम का भी विकास होगा। आप खुद काम करते हुए बच्चों को बिना डांटे या गुस्सा किए पढ़ाएं और उनसे संबंधित काम में मदद लें।

## विचार

### प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के सामने नई चुनौतियाँ ?

`संजीव

**ब्रिटेन** की समाचार न्यूज एजेंसी के अनुसार ब्रिटिश इतिहास के 127 सालों में 42 वर्षीय ऋषि सुनक सबसे युवा प्रधानमंत्री बने हैं और उन्हें बोरिस जॉनसन तथा लीज ट्रस के इस्तीफे के बाद विरासत में प्रधानमंत्री का पद प्राप्त हुआ है। कोविड-19 के समय ऋषि सुनक ने वित्त मंत्री रहते हुए ब्रिटेन की आर्थिक स्थिति को वहां के उद्योगपतियों तथा पर्यटन, होटल एजेंसी के साथ मिलकर काफी हद तक संभाल कर रखा था। अब ब्रिटेन की खराब अर्थव्यवस्था का भारी-भरकम बोझ ऋषि सुनक के कंधे पर आ गया है। खराब अर्थव्यवस्था ऋषि सुनक के लिए आगामी आने वाले जनवरी 2025 को आम चुनाव में बड़ी परेशानी का सबब बन सकता है। ऋषि सुनक को आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए ट्रबल शूटर की हैसियत से प्रधानमंत्री बनाया गया था। ब्रिटेन की एक सर्वे न्यूज एजेंसी द्वारा किए गए सर्वे के अनुसार अपनी कंजरवेटिव पार्टी को वर्तमान में मजबूत बनाने के लिए काफी कवायद करनी पड़ सकती है क्योंकि सर्वे ने बताया है कि सुनक अपनी ब्रिटेन की संसदीय सीट को आम चुनाव में गंवा सकते हैं क्योंकि कुछ महीने पहले की घटनाक्रम में पहले लिस ट्रस से पिछड़ने और फिर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद ऋषि सुनक के सामने नई नई मुसीबतें सामने आई है। ब्रिटेन में आम चुनाव 2025 में आयोजित हैं और कंजरवेटिव पार्टी की छवि बहुत अच्छी नजर नहीं आ रही है। सर्वे एजेंसी के अनुसार यह सर्वे में ऋषि सुनक अपनी ब्रिटेन की संसदीय सीट को आम चुनाव में कमजोर हो सकती हैं क्योंकि विपक्ष की लेबर पार्टी को प्रधानमंत्री के सत्तारूढ़ कंजरवेटरी से बहुत ज्यादा अंक प्राप्त हुए हैं। सावंत के प्रवक्ता के अनुसार लेबर पार्टी 314 सीटों के बहुमत के साथ सत्ता पर काबिज हो सकती है। यार्क शायर ऋषि सुनक का निर्वाचन क्षेत्र है अपनी निर्वाचन सीट तथा लिंकनशायर के उत्तर में अन्य सभी सीटों सहित रूढ़िवादी लगभग 300 सीटें गंवा सकते हैं। ब्रिटेन की न्यूज एजेंसी सावंता के विगत समय तक किए गए सर्वे के अनुसार 7 हजार नागरिकों बातचीत के आधार पर एक विस्तृत डाटा तैयार किया गया है। सर्वे में लेबर पार्टी कंजरवेटिव पार्टी पर बढ़त दिखाई गई है जिसके परिणाम स्वरूप ऋषि सुनक को आने वाले समय में सत्ताधारी दल की बढ़त को बढ़ाएं रखने में और कंजरवेटिव पार्टी की किस्मत को बनाने में काफी मेहनत करनी पड़ सकती है। उल्लेखनीय है कि सत्तारूढ़ कंजरवेटिव यानी टोरी पार्टी की लोकप्रियता धीरे धीरे कम होते जा रही है। ऋषि सुनक को खराब अर्थव्यवस्था विरासत में मिलना भी एक बड़ा कारण भी है। हालांकि ब्रिटेन में कंजरवेटिव पार्टी यानी टोरी पार्टी वर्ष 2010 ब्रिटेन की सत्ता में काबिज है और 4 बार आम चुनाव में जीत हासिल कर चुकी है। 4 बार जीतने के बाद भी अब कंजरवेटिव पार्टी की पकड़ ब्रिटिश नागरिकों पर कमजोर पड़ती दिखाई दे रही है। ऋषि सुनक युवा है और अच्छे अर्थशास्त्री भी, अब देखना यह है कि ऋषि सुनक चुनाव की चुनौती को किस तरह अपनी पार्टी के हक में दिशा दे पाते हैं कि ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था बहुत निचले स्तर पर पहुंच गई है बेरोजगारी तथा महंगाई तथा पेट्रोल, डीजल, बिजली के दाम तब तक की चरम सीमा पर पहुंच चुके हैं। ब्रिटिश गवर्नमेंट की अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए बैलेंस आफ ट्रेड और उत्पादन को 2 साल में तेजी से विकसित करना होगा। कोविड-19 के काल में ब्रिटेन को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा था पर अर्थव्यवस्था को चलाने के लिए तत्कालीन वित्त मंत्री ऋषि सुनक ने वहां के उद्योगपतियों, पर्यटन तथा होटल उद्योग को विकसित कर कोविड-19 काल में वित्तीय स्थिति को काफी सहारा दिया था। अब ऋषि सुनक के सामने अनेक चुनौतियां आ गई है ऋषि सुनक को न सिर्फ लेबर पार्टी से चुनौती मिल रही है बल्कि उन्हें अपनी पार्टी के सांसदों का 100% समर्थन भी प्राप्त नहीं हो रहा है। ऋषि सुनक के प्रधानमंत्री बने रहने के साथ-साथ उन्हें अपनी पार्टी की लोकप्रियता को बढ़ाने में अपनी पार्टी के सांसदों का विश्वास मत भी हासिल करना होगा तब जाकर आगामी 2025 जनवरी को सत्तारूढ़ पार्टी यानी कंजरवेटिव पार्टी चुनाव में जीत हासिल कर सकेगी।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः UTTHIN / 2009 / 31653**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, दैनिक एक्शन इंडिया कार्यालय, 7/1, बल्लूपुर रोड, डॉ टीपी पटनायक के सामने, कृष्ण नगर चौक के पास, देहरादून, उत्तराखण्ड ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**स्थानीय संपादक : हिमांशु अनिकेत (9837313943)**
**actionindiaddn@gmail.com**

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

### छात्र ऑनलाइन इंटर्नशिप का विकल्प चुन रहे हैं

विजय गर्ग

**आज** के तेजी से विकसित हो रहे शैक्षिक परिदृश्य में, छात्र अपने भविष्य के करियर को आकार देने में सक्रिय भागीदारी के महत्व को तेजी से पहचान रहे हैं। अपनी व्यावसायिक आकांक्षाओं के लिए "दरवाजा बनाने" की कहावत को अपनाते हुए, स्कूली छात्र मूल्यवान अनुभवात्मक सीखने के अवसर प्राप्त करने और खुद को गतिशील नौकरी बाजार के लिए तैयार करने के साधन के रूप में ऑनलाइन इंटर्नशिप की ओर रुख कर रहे हैं जो स्नातक होने पर उनका इंतजार कर रहा है। हाल के वर्षों में ऑनलाइन इंटर्नशिप की प्रासंगिकता में वृद्धि देखी गई है, जिससे स्कूली छात्रों को पारंपरिक व्यक्तिगत प्लेसमेंट से परे कई प्रकार के लाभ मिलते हैं। लचीलापन और पहुंचः निश्चित शेड्यूल के साथ पारंपरिक इंटर्नशिप के विपरीत, ऑनलाइन इंटर्नशिप छात्रों को उनके शेड्यूल को समायोजित करने के लिए लचीला कार्य वातावरण प्रदान करती है। यह लचीलापन उन्हें कक्षाओं या पाठ्येतर गतिविधियों जैसी अन्य प्रतिबद्धताओं को संतुलित करते हुए उनकी एकाग्रता के चरम घंटों के अनुसार उत्पादकता को अनुकूलित करने की अनुमति देता है।

इसके अतिरिक्त, वर्चुअल इंटर्नशिप से जुड़े आवागमन के समय की अनुपस्थिति छात्रों की अपनी भूमिकाओं के लिए समय समर्पित करने की क्षमता को और बढ़ा देती है। कौशल विकासः अपनी रुचि के क्षेत्र से जुड़े कार्यों में संलग्न होकर, प्रशिक्षु व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करते हैं और पेशेवर सफलता के लिए आवश्यक आवश्यक दक्षताओं को निखारते हैं। सौंपी गई परियोजनाओं को दूरस्थ रूप से पूरा करने में पहल और आत्मनिर्भरता का प्रदर्शन करके, प्रशिक्षु विविध कार्य वातावरण में पनपने के लिए अपनी तत्परता प्रदर्शित करते हैं। ये अनुभव न केवल उनकी विशेषज्ञता को गहरा करते हैं बल्कि उनके बायोडाटा को भी मजबूत करते हैं, जिससे वे प्रतिस्पर्धी नौकरी बाजारों में अलग हो जाते हैं। भौगोलिक सीमाओं से परे प्रतिभा तक पहुंचः ऑनलाइन इंटर्नशिप नियोक्ताओं को भौगोलिक सीमाओं से परे प्रतिभा के विविध पूल तक पहुंच प्रदान करती है।

## लीक से हटकर

डॉ. सुरेश कुमार

स्टाफ रूम में बैठे भवानीदास कक्षा की तैयारी कर रहे थे। यह देख उनके साथी अध्यापक मोहन ने उन्हें टोका- आप हर दिन कक्षा में इतना गला फाड़कर पढ़ाते हैं। इसका कोई फायदा भी है? जो पढ़ने वाला होगा वही पढ़ेगा। बाकियों को पढ़ाने का क्या मतलब? न उन्हें कुछ आता है न जाता है। आप इतनी मेहनत करते ही क्यों हैं? आपकी वजह से हमारा जीना दुश्वार हो गया है। वैसे भी स्तरहीन बच्चों को जितना भी पढ़ाएँ, आखिरकार बनना तो उन्हें बेरोजगार ही तो है। दो-चार जरूरी प्रश्न पढ़ाकर उनसे पिंड छुड़ाइए। काहे को बेवजह का टिटिम्मा पालकर रखे हैं। कौनसा इन्हें आगे चलकर झंडे गाड़ना है। अंकों की होड़ ने तो शिक्षा को कब का मूल्यहीन बना दिया है। ऐसी शिक्षा भी कोई शिक्षा है? बात-बात में प्रधानाध्यापक आपका नाम ले-लेकर हमारी नाक में दम कर रखे हैं। हम आपके हाथ जोड़ते हैं। बच्चों को जितनी आवश्यकता है उतना ही पढ़ाइए। हद से ज्यादा पढ़ाने के चक्कर में हमारा बोरिया-बिस्तरा गोल मत कीजिए। भवानीदास चुप थे। अपने साथी अध्यापक की बात बड़े ध्यान से सुन रहे थे। फिर एक लंबी सांस लेते हुए कहा - कभी आपने चींटियों की लाइन देखी है? नहीं न? यदि देखी होती तो आप इस तरह मुझसे खीझकर बातें नहीं करते। चींटियों की वैसे तो कई खूबियाँ हैं। उनमें एक खूबी यह भी है कि वे अनुशासन के साथ कतार में चलने की सीख देती हैं। जो चींटी सबसे आगे होती है, वह पीछे-पीछे चलने वाली चींटियों को रास्ता बताते हुए चलती है। वह बड़ी समझदार, जागरूक तथा बुद्धिमान होती है। मात्र उसे ही मंजिल का पता होता है, सो पीछे वाली चींटियाँ उसका देखा-देखी कर पीछे-पीछे चल पड़ती हैं। गौर करने वाली बात यह है कि सभी चींटियाँ मेहनत कर रही हैं।

किंतु रास्ता केवल एक को पता है। यदि बाकी की चींटियाँ उसका ठीक-ठीक पालन करेंगी तो अगली बार उन्हें किसी के पीछे चलने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। साथी अध्यापक ने सारी बातें ध्यान से सुनी। किंतु अपनी खीझ का इन बातों से संबंध जोड़ नहीं पाए। उनके चेहरे पर उभरे प्रश्नचिह्न को देखकर भवानीदास समझ गए।



# भारत में दिल के रोगियों की उम्र कम होने की धारणा गलत

कम आयुवर्ग के लोगों में दिल के रोगों का जोखिम उतना अधिक नहीं है और यह उम्रदराज लोगों को ही अधिक परेशान करता है : डॉ. उपेंद्र कौल

**नई दिल्ली।** भारत में हृदय रोग को लेकर कराए गए एक अध्ययन में कहा गया है कि देश में पश्चिमी देशों के मुकाबले ''एक्यूट कोरोनरी सिंड्रोम' (एसीएस) के रोगियों की उम्र कम होने की धारणा मिथक है और अधिक आयु वाले लोगों को ही दिल की बीमारी का खतरा अधिक देखा गया है फोर्टिस हेल्थकेयर ने हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. उपेंद्र कौल के नेतृत्व में यह अध्ययन किया। इसके मुख्य निष्कर्षों में सामने आया है कि हृदय रोगों के तीन प्रमुख कारणों में हाई लिपिड स्तर 58.1 फीसदी, उच्च रक्तचाप 53.2 फीसदी और धूम्रपान 45 फीसदी हैं। एक्यूट कोरोनरी सिंड्रोम (एसीएस) से युवा आबादी के प्रभावित होने को लेकर कोई खास बात सामने नहीं आई है। फोर्टिस द्वारा जनवरी 2011 से दिसम्बर 2015 के बीच कुल 12,152 रोगियों पर अध्ययन किया गया। इसमें 18 से 100 साल तक की उम्र के मरीज शामिल रहे। इसमें 5850 रोगी ऐसे थे जिन्हें दिल का दौरा पड़ा था। इनमें हृदय रोग के जोखिम के कारकों में क्र मशः अत्यधिक कोलेस्ट्रोल 58.1 फीसदी, उच्च रक्तचाप 53.2 फीसदी, धूम्रपान 45 फीसदी, डायबिटीज 36.9 फीसद और मोटापा 33.6 फीसद बताए गए हैं। अध्ययन में शामिल मरीजों में 30 साल से कम उम्र के मरीजों की संख्या केवल 33 यानी 0.3 फीसद थी। 30 से 40 साल के बीच के 304 (2.8 फीसद), 40 से 50 साल के 1298 (10.7 फीसद), 50 से 60 साल के 3445 (28.3 फीसद) और 60 साल से अधिक उम्र के सर्वाधिक 7075 (58.2 फीसदी) मरीज थे। अध्ययन के अनुसार यह दिखाता है कि कम आयुवर्ग के लोगों में दिल के रोगों का जोखिम उतना अधिक नहीं है और यह उम्रदराज लोगों को ही अधिक परेशान करता है। डॉ. उपेंद्र कौल के अनुसार, ''आमतौर पर माना जाता है कि एक्यूट कोरोनरी सिंड्रोम के साथ आए भारतीय रोगियों की उम्र पश्चिमी देशों में इस रोग के मरीजों से अपेक्षाकृत कम होती है। यह मिथक है जिसे हमारे अध्ययन ने साबित किया है। हमारी जनसंख्या में आयु वर्ग और जोखिम का स्तर दोनों वैसे ही हैं जैसा पश्चिमी देशों में है। इस अध्ययन में 30 फीसद रोगी दक्षिण एशियाई देशों के भी थे।'

# बच्चों में डायरिया के मामले काफी घटाकर पेश किए गए

**नई दिल्ली।** एक नए अध्ययन में बताया गया है कि भारत समेत सात एशियाई एवं अफ्रीकी देशों में बच्चों के डायरिया की चपेट में आने के मामले बहुत कम करके पेश किए गए हैं तथा पिछले आकलन की तुलना में उनकी संख्या दोगुनी हो सकती है। इन देशों में हर घंटे पांच साल की उम्र तक के 13 बच्चे डायरिया के चलते मर जाते हैं। ''लांसेट' में प्रकाशित नए शोध में कहा गया है, ''बैक्टीरिया, परजीवी, विषाणु एवं अन्य संक्र मणों की वजह से बच्चों के डायरिया की चपेट में आने के मामले काफी घटाकर पेश किए गए और वह पिछले आकलन की तुलना में करीब दोगुना हो सकते हैं।''बांग्लादेश, भारत, पाकिस्तान, गांबिया, केन्या, माली और मोजाम्बिक के 10,000 से अधिक नमूनों के विश्लेषण से पता चलता है कि शिगेला और रोटावायरस पांच साल तक के बच्चों में सबसे आम संक्रमण है, उसके बाद एडिनोवायरस, आंत में विष पैदा करने वाले ई.कोलाई, क्रिप्टोसपोरडियम और कैंपीलोबैक्टर का नंबर आता है।' डायरिया के संक्रामक कारकों के पिछले अनुमान विभिन्न अन्वेषण पद्धतियों पर आधारित थे जबकि इस अध्ययन में पहली बार 32 रोगाणुओं का परीक्षण करने के लिए मालीक्यूलर डायगोनास्टिक पद्धति का इस्तेमाल किया गया।



# हृदयाघात अथवा सीने में जलन

**नई दिल्ली।** भारत में हृदय संबंधी बीमारियों से होने वाली मौतों की सर्वाधिक संख्या होने के बावजूद शायद यह बहुत आश्चर्यजनक नहीं है कि यहां बहुत से लोग सीने में किसी भी प्रकार के दर्द को हृद्याघात ही समझ लेते हैं।



इसके परिणाम स्वरूप बहुत से लोगों को केवल सीने में दर्द की शिकायत या सीने में जलन की शिकायत के साथ अस्पताल जाया जाता है। हृदयाघात की संभावना से बचने के लिए बीमार और उसके आस-पास के लोगों को उपलब्ध संसाधनों के इस्तेमाल से हृदयाघात अथवा इसकी संभावना से उत्पन्न हुये तनाव के बीच भेद करने में सक्षम बनाना चाहिये।

जीएमसी, जम्मू के मेडिसिन विभाग प्रमुख डाक्टर विजय कुंडल ने कहा, अस्पताल लाये जाने वाले बहुत से बीमारों में पाया गया कि उनमें हृदय-संबंधी बीमारी नहीं थी। तनाव अथवा हृदयाघात के शुरुआती लक्षणों के परीक्षण पर डाक्टरों ने कहा, बाद में दोनों ही बीमारियों में सांस लेने में दिक्कत होती है।

फोर्टिस एस्कार्ट इंस्टीट्यूट में प्रीवेंटिव कार्डियोलॉजी के प्रमुख डाक्टर पीयूष जैन ने बताया, कि सीने में जलन के कारण सांस लेने में तकलीफ नहीं होती है, वहीं दूसरी ओर हृदयाघात में सूजन और उलटी के लक्षण भी नहीं पाये जाते। इनका संबंध आमतौर पर सीने की जलन के मामले में होता है। जैन ने बताया कि सीने में जलन के कारण होने वाली बेचैनी का इलाज दवाओं से किया जा सकता है और इसे पेट में एसिड के स्तर को नियंत्रित करके किया जा सकता है। जैने ने बताया कि सीने में जलन के कारण बेचैनी होना और हृदयाघात के लक्षणों में हालांकि काफी समानतायें हैं, लेकिन चिकित्सा के संदर्भ में दोनों बीमरियों में कोई समानता नहीं है। उन्होंने बताया कि हृदयाघात निश्चित ही एक बीमारी है, जबकि सीने में जलन होना उसका एकमात्र लक्षण है।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंग। शुभांक-2-4-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मातृपक्ष के लोगो का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। उतावलेपन से बचें। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-3-6-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। शुभांक-1-5-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। शुभांक-4-7-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें। चितनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-5-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभांक-4-6-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-1-4-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-2-4-5

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-3-5-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-4-6-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-2-5-7

## लॉफिंग ज़ोन

नई दुल्हन के हाथ का खाना पति ने पहली बार खाया। मिर्चे अधिक तेज थीं फिर भी वह बात बिगाडना नहीं चाहता था।

पति- 'खाना बहुत अच्छा बनाया है।'

पत्नी-'लेकिन आप रो क्यों रहे हैं?'

पति-'खुशी के कारण।'

पत्नी-'और दूं?'

पति-'नहीं, मैं ज्यादा खुशी बर्दाश्त नहीं कर पाऊंगा।'

□ □ □

गृहणी ने कहा- 'रामू,आज तुमने बहुत कीमती फूलदान तोड दिया। आज के बाद ऐसी गलती की तो मार मार कर सिर गंजा कर दूंगी। समझे?

'जी समझ गया।'

'क्या समझे?'

यही कि मालिक भी किसी ऐसी ही गलती का अंजाम भुगत रहे हैं।'

□ □ □

एक युवती ने अपनी सहेली की मृत्यु का दुःख व्यक्त करते हुए कहा, तीन महीने हो गए मेरी सहेली का देहांत हुए, पर मेरा दिल ही नही लगता। आप उसकी कोई प्रिय वस्तु मुझे दे दीजिए, उसे ही सीने से लगाकर मन बहला लिया करूंगी।

मृतक के पति का जवाब था, जी उसकी प्रिय वस्तु मैं ही हूं।

## काकुरो पहेली - 4063



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




काकुरो - 4062 हल



## सूडोकु -4063

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -4062 हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

## फिल्म वर्ग पहेली- 4063



**बायें से दायें:-**

१. जॉय मुखर्जी, नंदा की 'मुझे इश्क है तुम्हीं से' गीत वाली फिल्म-३
३. 'मेरे टूटे हुए दिल से कोई तो' गीत वाली राजकपूर, नूतन की फिल्म-३
६. आमिर, फैजल, ट्विंकल की 'तुझे रब ने बनाया है' गीत वाली फिल्म-२
७. अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-२
८. 'तसवीर बनाता हूँ' गीतवाली फिल्म-४
९. 'जब लिया हाथ' गीत वाली राजेंद्र कुमार, गीता बाली की फिल्म-३
११. राजकुमार, प्रिया की 'ये पर्वतों के दायरे ये शाम' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'दिल में जिगर में' गीत वाली संजय, जैकी, शिल्पा, रवीना की फिल्म-२
१३. विकास भल्ला, सुमीत, की 'कोई दिल ना किसी' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'काहे कोयल शोर मचाये' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
१५. विश्वजीत, माला सिन्हा की फिल्म-३
१७. राजकुमार, मीना की 'चलते चलते यूंही कोई मिल' गीत वाली फिल्म-३
१९. जैकी श्रॉफ, रति की फिल्म-२
२१. ऋषिकपूर, अरबाज, जूही की 'ये प्यार यार क्या' गीत वाली फिल्म-३
२२. 'ना सतरा से ऊपर ना' गीत वाली नवीन निश्चल, रेखा की फिल्म-२
२३. 'दुपट्टे का पल्लू' गीतवाली फिल्म-४
२६. फिल्म 'दोस्ताना' में अमिताभ की नायिका?-३
२७. अभिषेक, अंतरा माली की 'इश्क दा तड़का' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'मेरे दिल में रहो या जिगर' गीत वाली अष्मित, मीरा की फिल्म-३
२९. गुरूदत्त, वहीदा रहमान की 'जाने क्या तूने कही' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'देर है अंधेर नही' गीत वाली शत्रुघ्न, राजकपूर, योगिता की फिल्म-२,२
३१. फिल्म 'सलाखें' में नायक?-२

**ऊपर से नीचे:-**

१.'मन क्यों बहका रे' गीत वाली शशि शेखर सुमन, रेखा, नीना की फिल्म-३
२. मिथुन, जुगल, सोनाली की 'तेरी चाहत में दिल' गीत वाली फिल्म-१,२
४. 'सीली हवा छू गई सीला' गीत वाली नसीर, शबाना आजमी की फिल्म-३
५. अमिताभ, अमजद खान, नीतू की 'छूकर मेरे मन' गीत वाली फिल्म-३
६. 'बोल बेबी बोल रॉक' गीत वाली अनिल कपूर, मीनाक्षी की फिल्म-२,२
१०. धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की 'राजा ना जा ना जा' गीत वाली फिल्म-३
११. 'मैं इश्क उसका' गीत वाली अर्जुन रामपाल, जायेद, अमीषा की फिल्म-२
१४. धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की 'मैं लैला का मजनूं' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'कोरा कागज था मन' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-४
१६. संजय कपूर, माधुरी की 'फूल मांगू ना बहार माँगूं' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'दिले बेताब को सीने से' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वहीदा की फिल्म-३
१८. अमिताभ, अक्षय, जॉन, रिमी की 'फलक देखूं' गीत वाली फिल्म-३,३
२०. फिल्म 'देवी' में नायिका कौन थी-३
२४. 'अंखियां मिलाके जिया' गीत वाली फिल्म-३
२५. नसीर, अष्मित, उर्मिला की फिल्म-४
२६. 'शहर शहर डगर डगर' गीत वाली जैकी, संजय, सोनम की फिल्म-२,१

फिल्म वर्ग पहेली- 4062



## शब्द पहेली 4063



**बाएँ से दाएँ**

1.आरोपित, तथाकथ्य-5
4.प्रलय, वज्रपात-4
7.परिमाण, माप-2
8.प्लेट,तश्तरी-3
9.भीगा हुआ-2
10.वेश्या, गणिका-4
11.ज्वालामुखी से निकला द्रव पर्दाथ-2
13.अपवित्र (उर्दू-3)
14.दान करने वाला-2
15.आंचल-3
17.पंख-2
19.चाहे जो भी हो -5
22.अनूठापन,विचित्रता-5
25.उम्मीद,आस-2
26.अनाशवान,अक्षय-3
28.सुनील शेट्टी की पहली फिल्म-2
29.बंदर, मर्कट-3
30.सम्मान, आदर-2
32.करामात,करिश्मा-4
34.नवीन,नव-2
36.नसीरुद्दीन और अर्चना पूरणसिंह की फिल्म-3
37.शारीरिक ऊंचाई-2
38.भाग्य,लक-4
39.रावण,दशानन-5

**ऊपर से नीचे**

1.तपस्या-2
2.कॉफी-3
3.तरफदारी करनेवाला-5
4.जन जाति, झुंड-3
5.वोट-2
6.बढ़ई,खाती-4
7.जो मुनासिब न हो-5
10.भाग्य (उर्दू-4)
12.प्रतिज्ञा,वचन-2
16.राजा,राजन-3
17.क्षण-2
18.संपूर्ण,देवी का एक नाम-2
20.रनिवास (उर्दू-3)
21.नुकसान,घाटा-2
22.रजनी, रात्रि-2
23.अनुपम,बेजोड़-4
24.जिसे घर में ही कैद किया गया हो-5
25.आतंक फैलानेवाला-5
26.धरोहर,थाती-4
27.लक्ष्मी-2
31.निगाह,दृष्टि-3
33.बैचेनी,परेशानी,संघर्ष-3
35.लद्दाख में पाया जानेवाला बैल जैसा एक जानवर-2
37.टैक्स, हाथ-2

शब्द पहेली 4062 का हल



# इंग्लैंड-पाकिस्तान के बीच पहला टी20 मैच चढ़ा बारिश की भेंट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लगातार बारिश के कारण हेडिंग्ले में इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच पहला टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच एक भी गेंद फेंके बिना रद्द कर दिया गया। लीड्स में भारी और लंबी बारिश के कारण अंपायरों को मैच भारतीय समयानुसार निर्धारित रात 11 बजे शुरू होने से लगभग एक घंटे पहले खेल रद्द करना पड़ा। पाकिस्तान के खिलाफ चार मैचों की श्रृंखला के बाकी मैच 25 मई, 28 मई और 30 मई को क्रमशः एजबेस्टन, कार्डिफ और ओवल में खेले जाएंगे। पाकिस्तान टी20 सीरीज से इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की अंतरराष्ट्रीय टीम में वापसी हो सकती है। चोटों ने इस तेज गेंदबाज के करियर को खराब कर दिया है, कोहनी और पीठ की समस्याओं के कारण यह 29 वर्षीय खिलाड़ी 14 महीने से शीर्ष स्तर के क्रिकेट से दूर रहा है।



# पेप गार्डियोला ने प्रीमियर लीग मैनेजर ऑफ़ द सीज़न का पुरस्कार जीता

**लंदन।** अपने कार्यकाल में मैनचेस्टर सिटी के छठे लीग खिताब के बाद, पेप गार्डियोला ने 2023/23 प्रीमियर लीग मैनेजर ऑफ़ द सीज़न का पुरस्कार जीता है।मैनचेस्टर सिटी ने इंग्लिश फुटबॉल के 135 साल पुराने इतिहास में लगातार चार सीज़न तक प्रीमियर लीग का खिताब जीतने वाली पहली टीम बनकर इतिहास रच दिया।53 वर्षीय गैफ़र ने प्रतिष्ठित प्रशंसा जीतने के लिए आर्सेनल के मिकेल आर्टेटा, एस्टन विला के उनाई एमरी, लिवरपूल के जर्गेन क्लॉप और बोर्नमाउथ के एंडोनी इरोला को पीछे छोड़ दिया।मैं इसे साझा करना चाहता हूं, हां, ओह हां! विशेष रूप से मिकेल के साथ उस अविश्वसनीय काम के लिए जो उसने आखिरी गेम तक किया और हमें हमारी सीमा तक पहुंचाया।' बेशक, जुर्गन के लिए, कई वर्षों तक अविस्मरणीय लड़ाइयों के लिए। और यूनाई एमरी, एस्टन विला को चैंपियंस लीग में लाने के लिए फिर से कुछ अविश्वसनीय बना रही है, 'गार्डियोला ने कहा। स्पैनियार्ड ने कहा, 'और एंडोनी इरोला, बोर्नमाउथ के साथ, प्रीमियर लीग में उनका पहला सीज़न है, उन्होंने सीज़न की कठिन शुरुआत से वापसी करते हुए जो किया है वह कर रहे हैं।' आर्सेनल और लिवरपूल दोनों सिटी के खिलाफ खिताब की दौड़ में आगे चल रहे थे, इससे पहले कि मर्सीसाइड-आधारित टीम अंततः तालिका में नीचे गिर गई। एस्टन विला के खिलाफ हार से पहले आर्सेनल ने अपने नाम पर एक अंक का मामूली लाभ रखा, जिससे वे मैनचेस्टर से दो अंक पीछे रह गए, यह अंतर सीज़न के अंत तक कायम रहा।सिटी के फिल फोडेन ने अपने शानदार अभियान के लिए प्रीमियर लीग प्लेयर ऑफ द सीज़न का पुरस्कार जीता, जिसमें उन्होंने 17 गोल और आठ सहायता की।खिलाड़ियों के 2024 यूरोपीय चैंपियनशिप के लिए प्रशिक्षण शिविर में जाने से पहले मैनचेस्टर सिटी एफए कप फाइनल में अपने भौगोलिक प्रतिद्वंद्वियों मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाफ खेलेगा।

# भारतीय पुरुष, महिला 4×400 मीटर टीमों ने एशियाई रिले चैम्पियनशिप में रजत पदक सुरक्षित किए

**बैंकॉक।** मिश्रित टीम के राष्ट्रीय रिकॉर्ड-सेटिंग के बाद स्वर्ण पदक हासिल करने के बाद, भारतीय पुरुष और महिला 4×400 मीटर टीमों ने बैंकॉक में एशियाई रिले चैंपियनशिप 2024 में दो रजत पदक जीते।बैंकॉक में भारी बारिश के कारण, मुहम्मद अनस याहिया, टी संतोष कुमार, मिजो चाको कुरियन और राजीव अरोकिया की पुरुष रिले टीम श्रीलंकाई टीम से पीछे रही, जिसने घड़ी को 3:04.48 पर रोक दिया, जबकि भारत का समय 3ः05.76 था।वियतनाम (3:07.37) ने कतर को हराकर कांस्य पदक जीता। इस आयोजन में मुहम्मद अनस याहिया, अमोज जैकब, मुहम्मद अजमल और राजेश रमेश की चौकड़ी द्वारा निर्धारित वर्तमान भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड 2ः59.05 है। इसके अतिरिक्त, यह वर्तमान एशियाई रिकॉर्ड है।

# बंगाल प्रो टी20 लीगः सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स ने घोषित की टीम, आकाश दीप और प्रियंका बाला हैं मार्की खिलाड़ी

**कोलकाता।** ईडेन गार्डेन में 11 जून से शुरू हो रहे बंगाल प्रो टी 20 लीग के लिए सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स ने पूरी तरह से कमर कस ली है। फ्रेंचाइजी ने कोलकाता में बुधवार को अपनी 16 सदस्यीय महिला और पुरुष टीम घोषित की। सिलीगुड़ी की टीम में 18 वर्षीय युद्धजीत गुहा से लेकर अनुभवी 40 वर्षीय राजकुमार पाल तक शामिल हैं। वहीं महिला टीम में भी युवा और अनुभव का बेहतरीन मिश्रण है।टीम के साथ ही सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स ने अपने कोचिंग स्टाफ की भी घोषणा कर दी है। जिसमें पुरुष टीम के लिए सौराशीष लाहिरी हेड कोच और संजीब कुमार गोयल सहयोगी कोच होंगे। वहीं महिला टीम की हेड कोच अर्पिता घोष होंगी, जबकि सहायक कोच की भूमिका में पामेला धर होंगी। टीम को लेकर सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स के मालिक ऋषभ भाटिया ने एक आधिकारिक बयान में कहा,? पुरुष और महिला दोनो ही फॉर्मेट में हमने युवा और अनुभव का जो संतुलन बनाया है वो निश्चित तौर पर बंगाल प्रो टी 20 लीग के उद्घाटन सत्र में एक अमिट छाप छोड़ेगा। ह

# कनाडा ने विश्व कप से पहले अपने मुख्य कोच दसानायके को किया बर्खास्त

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कनाडा ने अपने मुख्य कोच पुबुदु दसानायके को उनकी भूमिका से बर्खास्त कर दिया है। वह पिछले दो साल से इस पद पर कार्यरत थे। श्रीलंका और कनाडा के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, दसानायके जुलाई 2022 में कनाडा के कोच के रूप में दूसरे कार्यकाल के लिए लौटे थे, इससे पहले वह नेपाल (दो बार) और संयुक्त राज्य अमेरिका को कोचिंग दे चुके हैं।

दोबारा भूमिका संभालने के बाद से, दसानायके ने कनाडा को अमेरिका के टी20 क्षेत्रीय फाइनल में सफलतापूर्वक पहुंचाया और इस आगामी टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई कराया, साथ ही उनके कोचिंग में कनाडा ने 2023 विश्व कप क्वालीफायर प्लेऑफ़ में एकदिवसीय दर्जा फिर से हासिल किया। कनाडा को सीडब्ल्यूसी चैलेंज लीग से सीडब्ल्यूसी लीग 2 में भी पदोन्नति मिली, जहां वे वर्तमान में तालिका के शीर्ष पर हैं। क्रिकबज के अनुसार, कुछ समय से कनाडाई



खेमे में अशांति की अफवाहें उड़ रही थीं, साथ ही पिछले महीने क्रिकेट कनाडा बोर्ड चुनावों में गड़बड़ी के बाद मुख्य कोच को छोड़कर एक नए तीन सदस्यीय चयन पैनल की नियुक्ति के बाद कुछ आश्चर्यजनक चयन निर्णय लिए गए थे।

दसानायके को सुबह नवनिर्वाचित क्रिकेट कनाडा के उपाध्यक्ष गुरदीप क्लेयर ने मौखिक रूप से सूचित किया कि सेंट किट्स में चल रहे प्रारंभिक मैचों के पूरा होने के बाद उनकी सेवाओं की आवश्यकता नहीं होगी। अभी तक दसानायके के प्रतिस्थापन का नाम नहीं दिया गया है। कनाडा टी20 विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत 1 जून को डलास में मेजबान अमेरिका के खिलाफ करेगा।

# तेजस शिरसे ने 110 मीटर बाधा दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

**नई दिल्ली।** तेजस शिरसे ने बुधवार को फिनलैंड के ज्यवास्किला में विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर (चैलेंजर स्तर) मीटिंग के दौरान पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ में एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।

21 वर्षीय शिरसे ने फाइनल में 13.41 सेकेंड का समय लिया और 2017 में सिद्धांत थिंगालय द्वारा बनाए गए 13.48 सेकेंड के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया। शिरसे का रिकॉर्ड सामान्य अनुसमर्थन प्रक्रिया के अधीन है।हालाँकि, पेरिस ओलंपिक के लिए पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ में प्रवेश मानक 13.27 सेकेंड है।

महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में, ज्योति याराजी ने 12.78 सेकेंड के अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड अंक की बराबरी की और पहले स्थान पर रहीं, वह ओलंपिक खेलों के लिए स्वचालित योग्यता से एक सेकंड के सौवें हिस्से से चूक गईं। अनिमेष कुजूर ने 100 मीटर में नया व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 10.39 सेकेंड के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। अमलान बोरगोहेन अपने सीज़न की सर्वश्रेष्ठ 10.54 सेकेंड की टाइमिंग के साथ चौथे स्थान पर रहे। पुरुषों की 100 मीटर दौड़ के लिए पेरिस ओलंपिक में प्रवेश मानक 10 सेकेंड है।

मोहम्मद अफसल ने पुरुषों की 800 मीटर स्पर्धा 1: 48.91 सेकेंड में जीती, जो उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 1: 46.17 सेकेंड से काफी कम है। 18 वर्षीय लंबी जम्पर पावना नागराज 6.06 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ पांचवें स्थान पर रहीं।



बर्गेन, नॉर्वे में विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर (रजत स्तर) इवेंट ट्रोंड मोहन गेम्स में, लंबी कूद खिलाड़ी शैली सिंह 6.12 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ सात एथलीटों के बीच दूसरे स्थान पर रहीं।

# अभिनव बिंद्रा और पियरे ब्यूचैम्प के पैनल ने शूटिंग में खेल मनोविज्ञान के महत्व पर डाला प्रकाश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** शूटिंग दिग्गज अभिनव बिंद्रा और भारतीय शूटिंग टीम के हाई-परफॉर्मेंस डायरेक्टर (एचपीडी) डॉ. पियरे ब्यूचैम्प के नेतृत्व वाले पैनल ने पांच दिवसीय (20-24 मई) वर्कशॉप और सर्टिफिकेशन प्रोग्राम के पहले दिन प्रतिभागियों को संबोधित किया। यह कार्यशाला शूटिंग एथलीटों के जीवन में खेल मनोवैज्ञानिकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर आयोजित की जा रही है। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय राजधानी में डॉ कर्णी सिंह शूटिंग रेंज (डीकेएसएसआर) में नेशनल सेंटर फॉर स्पोर्ट्स साइंस एंड रिसर्च (एनसीएसएसआर) द्वारा नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई), टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) और नेताजी सुभाष नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स (एनएसएनआईएस), पटियाला के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।



प्रख्यात खेल वैज्ञानिक, उच्च-प्रदर्शन प्रशिक्षकों, शूटिंग चैंपियन और प्रशासकों के नेतृत्व में व्याख्यान, पैनल चर्चा और व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्रों के संयोजन के माध्यम से, कार्यक्रम प्रतिभागियों को अत्याधुनिक रणनीतियों और व्यावहारिक हस्तक्षेपों से परिचित कराएगा।

बीजिंग ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता बिंद्रा और डॉ ब्यूचैम्प के अलावा, राष्ट्रीय शूटिंग कोच समरेश जंग, रौनक पंडित के साथ-साथ अन्य चैंपियन खिलाड़ी, कोच और प्रशासक भी उपस्थित रहे।

इस सर्टिफिकेशन प्रोग्राम का उद्देश्य शूटिंग एथलीटों की सफलता में खेल मनोविज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए कोचों और एथलीटों को आवश्यक मानसिक प्रशिक्षण उपकरणों से लैस करना है। इस कार्यक्रम के जरिए शूटिंग में उच्च प्रदर्शन करने वाले एथलीटों के लिए मानसिक स्वास्थ्य सहायता में मौजूद अंतर को काम करना है। साथ ही मनोवैज्ञानिक बाधाओं को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने, रेंज पर प्रदर्शन को अनुकूलित करने और दबाव में संयम बनाए रखने, महत्वपूर्ण क्षणों के दौरान उच्चतम प्रदर्शन करने के लिए तकनीकी तौर पर निशानेबाजों को तैयार करने का काम किया जा रहा है।

# लेवर कप 2025 में जॉन मैकेनरो की जगह आंद्रे अगासी टीम वर्ल्ड के कप्तान होंगे

एजेंसी

**लंदन।** आठ बार के प्रमुख चैंपियन और पूर्व विश्व नंबर 1 आंद्रे अगासी सैन फ्रांसिस्को में 2025 के आयोजन से अपने कार्यकाल की शुरुआत करते हुए, लेवर कप टीम वर्ल्ड की कप्तानी करेंगे । जॉन मैकेनरो , एक अन्य अमेरिकी, जिन्होंने 2017 में प्राग में पहले लेवर कप के बाद से टीम वर्ल्ड का नेतृत्व किया है, अगासी को बागडोर सौंपेंगे।



इस साल का लेवर कप , जो 20-22 सितंबर तक बर्लिन के उबेर एरेना में होगा, में मैकेनरो का टीम यूरोप के कप्तान ब्योर्न बोर्ग के साथ फाइनल मुकाबला होगा । ओपन युग में, अगासी करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले सिर्फ पांच पुरुषों में से एक है। अपनी आक्रामक बॉल-स्ट्राइकिंग शैली, अविश्वसनीय शॉटमेकिंग और कोर्ट के अंदर और बाहर आकर्षक व्यवहार के साथ, उन्होंने 1990 के दशक में टेनिस में क्रांति ला दी। टेनिस इतिहास में सबसे आकर्षक एथलीटों में से एक होने के नाते, अगासी ने अपनी लोकप्रियता, आचरण और खेल शैली के कारण दुनिया भर में किंवदंती का दर्जा हासिल किया है। अपने 21 साल के पेशेवर करियर के दौरान, उन्होंने आठ प्रमुख एकल चैंपियनशिप जीत के अलावा 60 एटीपी टूर खिताब जीते।

# दिल्ली ने पेनल्टी पर जीत हासिल की, उद्घाटन संस्करण का चैंपियन बना

एजेंसी

**नारायणपुर (छत्तीसगढ़)।** स्थानापन्न संखिल दारपोल तुईशांग ने मैच के 98वें मिनट में बराबरी का गोल किया और दिल्ली ने पेनल्टी में अपना पुनरुत्थान जारी रखते हुए स्वामी विवेकानंद 20 पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के उद्घाटन संस्करण के चैंपियन का ताज पहनाया। दिल्ली ने बुधवार को यहां रामकृष्ण मिशन आश्रम ग्राउंड में अतिरिक्त समय के बाद रोमांचक 3-3 से ड्रा के बाद पेनल्टी पर कर्नाटक को 4-3 से हराया।

नारायणपुर में 32 टीमों की 40 दिनों की नॉन-स्टॉप कार्रवाई के बाद, एक यादगार फाइनल के बाद दिल्ली शीर्ष पर आ गई, जहां वे तीन बार पीछे से आकर खेल को पेनल्टी तक ले गए। कर्नाटक के ईशान रघुनंदा और दिल्ली के तुईशांग ने अपनी-अपनी तरफ से दो-दो गोल किए, लेकिन बाद में पेनल्टी पर विजयी गोल कर दिल्ली को चैंपियन बना दिया। दिल्ली को बढ़त लेने का पहला वास्तविक मौका तीसरे मिनट में मिला जब कप्तान लैमलालियन एस.टी. अंतिम तीसरे में कब्ज़ा हासिल किया, बॉक्स में भाग गया लेकिन उसके प्रयास को दूर खींच लिया। इसके तुरंत बाद 12वें मिनट में रघुनंदा की नाजुक पारी से कर्नाटक ने स्कोरिंग की शुरुआत की। इसकी शुरुआत गौतम राजेश की बेहतरीन लंबी गेंद से हुई, जिसे रघुनंदा ने शानदार पहले स्पर्श से नियंत्रित किया। उन्होंने अपने लिए कुछ गज की दूरी बनाई और अपने बूट के बाहरी हिस्से से गेंद को सुदूर पोस्ट में डालने से पहले डिफेंडर कामगिन्सेई टौथांग को हराया।

# अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ परफॉर्मेंस गुरु को एआईएफएफ के बुलावे का इंतजार कर रहे

एजेंसी

**बेंगलुरु।** प्रसिद्ध प्रदर्शन मनोवैज्ञानिक और खेल रणनीतिकार श्यामल वल्लभजी, जो पिछले एक साल से भारतीय फुटबॉल टीम से जुड़े हुए हैं, राष्ट्रीय शिविर में शामिल होने के लिए भुवनेश्वर की अपनी यात्रा के बाद अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) से सुनने का इंतजार कर रहे हैं। अधिकारियों द्वारा उसके अनुबंध पर टांग अड़ाने से देरी हुई। वल्लभजी, जिन्होंने ख्र्ख्र्र कप से लेकर AFC कप और कतर और कुवैत के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर (जो भारत ने जीता था) तक राष्ट्रीय टीम के साथ काम किया, वह करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री सहित भारतीय खिलाड़ियों की मदद करने के इच्छुक हैं क्योंकि वे इस महत्वपूर्ण मुकाबले के लिए तैयार हैं। कुवैत (6 जून) और कतर (11 जून) के खिलाफ फीफा विश्व कप राउंड 2 क्वालीफायर। वल्लभजी ने टीओआई से एक विशेष बातचीत में कहा, ÷मैं उनके द्वारा चीजों को सुलझाने का इंतजार कर रहा हूं। मैं थोड़ा परेशान भी हूं कि इन मुद्दों के कारण, मैं एक महत्वपूर्ण चरण के दौरान सुनील और टीम का समर्थन और मदद करने के लिए मौजूद नहीं रह सकता।' बार्सिलोना से.

सारी कड़ी मेहनत के बावजूद, वल्लभजी को एआईएफएफ से उनका बकाया नहीं मिला। विशेषज्ञ ने कहा, ÷मैं मई 2023 में ख्र्ख्र्र कप के लिए 4-5 सप्ताह के लिए खिलाड़ियों के साथ मुफ्त में काम शुरू करने के लिए सहमत हुआ। इसके बाद, इगोर (स्टिमैक) ने मेरे काम को पहचाना और मुझे अपने स्टाफ में पूर्णकालिक रूप से शामिल होने के लिए कहा।÷ इससे पहले उन्होंने 2003 विश्व कप में भारतीय क्रिकेट टीम, किंग्स इलेवन पंजाब, भारतीय डेविस कप टीम और केन्याई मैराथन टीम के साथ काम किया था। मुझे बताया गया कि मेरा अनुबंध संसाधित किया जा रहा है और इस समझ के आधार पर, मैंने इंटरकांटिनेंटल कप, मर्डेका कप, किंग्स कप, एएफसी कप और कतर और कुवैत के खिलाफ डब्ल्यूसी क्वालीफायर के दौरान टीम के साथ काम किया। मैंने शिविर में जाने से इनकार कर दिया अब क्योंकि मेरे पास कोई अनुबंध नहीं था और वे मेरी शर्तों से सहमत नहीं थे,÷ वल्लभजी ने कहा। मेरी शर्त थी कि शामिल होने के लिए सहमत होने से पहले बकाया राशि का भुगतान करना होगा। मैंने उन्हें विवरण भेज दिया है लेकिन भुगतान नहीं किया गया है। टीम के साथ अपने उच्च अंकों को याद करते हुए, खेल वैज्ञानिक ने कहाः एसएएफएफ और इंटरकांटिनेंटल कप में लगातार जीत, और कुवैत के खिलाफ एक ऐतिहासिक जीत। हम लगभग 16 गेम तक अजेय रहे। कुछ शीर्ष खिलाड़ी उन्होंने मुझ पर यह भी विश्वास किया कि मैंने बड़ा प्रभाव डाला और जब मैं टीम के साथ नहीं था तो वे चिंतित थे, मैं टीम के साथ प्रतिदिन एक सत्र और फिर खिलाड़ियों के साथ व्यक्तिगत सत्र करता था।

# बीमार मां को अस्पताल में छोड़ना मुश्किल है लेकिन केकेआर भी परिवार है- गुरबाज

एजेंसी

**अहमदाबाद।** अफगानिस्तान के विकेटकीपर-बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज़ ने खुलासा किया है कि जब उनकी आईपीएल फेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ प्लेऑफ मुकाबले से पहले उनकी सेवाएं मांगी थीं, तो उन्होंने अपनी बीमार मां को अस्पताल में छोड़ने का कठिन विकल्प चुना था क्योंकि टीम उनका ÷परिवार÷ भी है। ÷.गुरबाज़ ने सीज़न के अपने पहले गेम में, दो महत्वपूर्ण कैच लेकर एसआरएच पर केकेआर की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और मंगलवार को 14 गेंदों में 23 रन बनाकर अपनी टीम को शानदार शुरुआत दी।उन्होंने अंग्रेज फिल साल्ट की जगह शीर्ष पर जगह बनाई और दो बार के चैंपियन को मंगलवार को यहां आठ विकेट



की आसान जीत के साथ आईपीएल फाइनल में प्रवेश करने में मदद की।÷एक क्रिकेटर के रूप में, आपको पता होना चाहिए कि क्या करना है। लीग क्रिकेट में, केवल कुछ ही खिलाड़ी खेल सकते हैं। यदि आपके लिए अवसर है, तो आपको सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहिए। यदि आपके लिए कोई अवसर नहीं है, तो आपको तैयार रहना चाहिए। गुरबाज़ ने मैच के बाद यहां मीडिया से कहा, इस अवसर के लिए अच्छी तरह से तैयार हूं। मेरी मां अभी भी बीमार हैं। मैं वहां गया (वापस) और यहां से फोन आया (कि) फिल साल्ट जा रहा है। उन्होंने फोन किया और उन्होंने मुझे संदेश दिया कि गुरबाज़, हमें आपकी जरूरत है, और हमारे लिए आपकी प्रतिक्रिया क्या है? , उन्होंने खुलासा किया। मैंने कहा, हां, मैं आऊंगा। मेरी मां अभी भी अस्पताल में हैं, और मैं हमेशा उनसे बात कर रहा हूं, लेकिन यह भी मेरा परिवार है। मुझे उन दोनों, मेरी मां और मेरे केकेआर परिवार का प्रबंधन करना चाहिए। यह है कठिन है, यह कठिन है, लेकिन फिर भी, मुझे इसे प्रबंधित करने की ज़रूरत है, उन्होंने कहा।स्त्रा के कप्तान पैट कमिंस का पहले बल्लेबाजी करने का फैसला उल्टा पड़ गया। गुरबाज ने कहा कि केकेआर ने टॉस जीता तो पहले गेंदबाजी करने की योजना बनाई थी। हम सभी ने फैसला किया था कि हमें जाना चाहिए और हमें पहले गेंदबाजी करनी चाहिए, क्योंकि इस तरह के क्षण में, और टीम सनराइजर्स को पसंद करती है जिसके पास मजबूत बल्लेबाजी है और आपको पता होना चाहिए कि कुल क्या है (और फिर आप इसके लिए जाते हैं) , उसने कहा। वास्तव में, हमने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की। (करने के लिए) टीम सनराइजर्स को 160 पर ऑलआउट करना चाहती है, यह गेंदबाजी प्रयास था।

# रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की हार, राजस्थान रॉयल्स ने 4 विकेट से हराया

एजेंसी

**अहमदाबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और राजस्थान रॉयल्स की टीमें आमने-सामने हैं. दोनों के बीच एलिमिनेटर मुकाबला खेला जा रहा है. यह मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हो रहा है, जिसमें टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए RCB ने 173 रनों का टारगेट सेट किया. जवाब में राजस्थान ने 6 विकेट गंवाकर 160 रन बना लिए हैं. अब 12 गेंदों पर 13 रनों की जरूरत है.

मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी ने 8 विकेट पर 172 रन बनाए. टीम के लिए रजत पाटीदार ने 34, विराट कोहली ने 33 और महिपाल लोमरोर ने 32 रन बनाकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया. इनके अलावा कैमरन ग्रीन ने 27 रन बनाए. इन चारों के अलावा RCB टीम का कोई भी बल्लेबाज 20 रनों का आंकड़ा नहीं छू सका. राजस्थान टीम के लिए तेज गेंदबाज आवेश खान ने सबसे ज्यादा 3 विकेट झटके. जबकि स्पिनर आर अश्विन को 2 सफलताएं मिलीं. ट्रेंट बोल्ट, संदीप शर्मा और युजवेंद्र चहल को 1-1 विकेट मिला. कोहली 8 हजार रन बनाने वाले IPL इतिहास के पहले क्रिकेटर बन गए हैं. कोहली ने अब तक IPL में कुल 252 मुकाबले खेले, जिसमें



38.67 के बेहतरीन औसत से 8004 रन बनाए हैं. इस दौरान 8 शतक लगाए. IPL में कोहली ने 55 फिफ्टी जड़ी हैं. इस दौरान उन्होंने 272 छक्के और 705 चौके लगाए. उनका स्ट्राइक रेट भी 131.97 का रहा है. कोहली के बाद दूसरे नंबर पर पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन हैं, जिन्होंने 222 मैचों में 35.26 के औसत से 6769 रन बनाए।

# स्वामी विवेकानन्द अंडर-20 फुटबॉल प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में दिल्ली चैंपियन बनी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली ने यहां अतिरिक्त समय के बाद रोमांचक 3-3 से ड्रा के बाद पेनल्टी पर कर्नाटक को 4-3 से हराकर उद्घाटन स्वामी विवेकानंद अंडर -20 पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के विजेता का ताज पहनाया।यह मैच रामकृष्ण मिशन आश्रम ग्राउंड में खेला गया था।32 टीमों की 40 दिनों की नॉन-स्टॉप कार्रवाई के बाद, एक यादगार फाइनल के बाद दिल्ली शीर्ष पर आ गई, जहां वे तीन बार पीछे से आकर खेल को पेनल्टी तक ले गए।कर्नाटक के ईशान रघुनंदा और दिल्ली के संखिल दारपोल तुईशांग ने अपनी-अपनी तरफ से दो-दो गोल किए, इससे पहले तुईशांग ने दिल्ली के लिए विजयी पेनल्टी लगाई।दिल्ली के पास तीसरे मिनट में बढ़त लेने का पहला वास्तविक मौका था जब कप्तान लैमलालियन एसटी ने अंतिम तीसरे में कब्ज़ा हासिल कर लिया, बॉक्स में भागे लेकिन उनके प्रयास को दूर खींच लिया।इसके तुरंत बाद 12वें मिनट में ईशान रघुनंदा की नाजुक पारी से कर्नाटक ने स्कोरिंग की शुरुआत की।इसकी शुरुआत गौतम राजेश की बेहतरीन लंबी गेंद से हुई, जिसे रघुनंदा ने शानदार पहले स्पर्श से नियंत्रित किया। उन्होंने अपने लिए कुछ गज की दूरी बनाई और अपने बूट के बाहरी हिस्से से गेंद को सुदूर पोस्ट में डालने से पहले डिफेंडर कामगिन्सेई टौथांग को हराया। 18वें मिनट में, कर्नाटक के



गोलकीपर सैम जॉर्ज अपनी टीम के बचाव में आए और उन्होंने रमेश छेत्री को करीबी सीमा से आमने-सामने की स्थिति में रोकने के लिए खुद को बड़ा बना लिया।लेकिन कर्नाटक के गोलकीपर दिल्ली के बराबरी के गोल के बारे में कुछ नहीं कर सके, जो 43वें मिनट में कप्तान लैमलालियन द्वारा किया गया, जिससे दूसरा हाफ अच्छी तरह से तैयार हो गया।दोबारा शुरू होने के बाद भी मैच की तीव्रता अधिक बनी रही क्योंकि दोनों पक्षों ने दूसरे गोल की बेताब तलाश में अपना पूरा जोर लगा दिया।कर्नाटक ने इसे हासिल किया और उसे बढ़त हासिल करने में मदद करने के लिए नितिन पॉल की कुछ खास मदद की जरूरत पड़ी। बॉक्स में विकल्प खत्म होने पर, एम निहार ने गेंद वापस पॉल को दी, जिन्होंने 30 गज की दूरी से अपने बाएं पैर से पहली बार शॉट मारा।उन्होंने 67वें मिनट में अपना फायदा दोगुना कर लिया होता अगर मक्कर ने पॉल और सैखोम बोरिश सिंह को रोकने के लिए तुरंत शानदार डबल सेव नहीं किया होता।लेकिन कर्नाटक बैकलाइन में एक गलती के कारण 71वें मिनट में फिर से बराबरी आ गई। अर्जुन गौडा बॉक्स में एक ढीली गेंद को क्लीयर करने में असफल रहे और दिल्ली के स्थानापन्न संखिल डारपोल तुईशांग ने उस पर झपट्टा मारा और जॉर्ज को चकमा दे दिया।

ACTION INDIA

एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ देहरादून ▸ 24 मई 2024 ▸ पृष्ठ 08 ▸ आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

**फास्ट न्यूज**

## सरकारी नीति की आलोचना विपक्ष का अधिकार: चिदंबरम

**नई दिल्ली:** चुनाव आयोग (ईसीआई) ने कांग्रेस को अग्निपथ योजना के नाम पर सेना पर सियासत से परहेज करने का निर्देश दिया है। आयोग के इस फैसले पर पार्टी के नेता पी. चिदंबरम ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने उनकी पार्टी को अग्निवीर योजना का राजनीतकरण नहीं करने का निर्देश देकर बहुत गलत किया है। चुनाव आयोग ने बुधवार को जाति, धर्म, समुदाय, संविधान और अग्निवीर योजना को लेकर सियासत करने पर सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा और मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस को फटकार लगाई थी।

**चुनाव आयोग के निर्देश पर चिदंबरम ने दी प्रतिक्रिया:** चुनाव आयोग के इस निर्देश पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा, "चुनाव आयोग द्वारा कांग्रेस को अग्निवीर योजना को लेकर राजनीति नहीं करने का निर्देश देना गलत है।" कांग्रेस नेता ने आगे कहा, "राजनीतिकरण का मतलब क्या है? क्या ईसीआई का मतलब आलोचना है? अग्निवीर एक योजना है। सरकार की नीति की देन है। सरकार की नीतियों को घेरना, उस पर राजनीति करना और यह कहना कि जब विपक्ष सत्ता में आएंगा तो इसे खत्म कर देगा, विपक्षी राजनीतिक पार्टियों का अधिकार है।" चिदंबरम ने आगे कहा, "सैनिक जो एक साथ मिलकर लड़ते हैं, उन्हें अग्निवीर योजना दो श्रेणियों में बांटता है। यह गलत है।

## दक्षिण चीन सागर में भारतीय जहाजों की फिलीपींस यात्रा पूरी

**नई दिल्ली:** दक्षिण चीन सागर में पूर्वी बेड़े की परिचालन तैनाती के दौरान भारतीय नौसेना के जहाजों दिल्ली, शक्ति और किल्टन ने फिलीपींस की अपनी यात्रा पूरी कर ली है। इस दौरान भारत ने फिलीपींस की नौसेना के साथ सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। द्विपक्षीय बातचीत में दोनों नौसेनाओं ने क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा और स्थिरता बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई। फिलीपींस नौसेना के कर्मियों और फिलीपींस में भारत के उच्चायुक्त ने जहाजों का गर्मजोशी से स्वागत किया। भारतीय नौसेना के जहाज दिल्ली, शक्ति और किल्टन ने दक्षिण चीन सागर में भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े की परिचालन तैनाती के हिस्से के रूप में मनीला का दौरा किया। इस यात्रा ने फिलीपींस के साथ भारत के मजबूत संबंधों और साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया।

# भारत में रोज 1263 हादसे, 24 घंटे में 461 मौतें

### आरोपी को 7500 रुपये के बॉन्ड और निबंध लिखने की सजा देते हुए जमानत दे दी थी

**चुनावी माहौल**

▸▸ दोबारा से मामले की सुनवाई हुई। आरोपी की आयु 17 साल 8 महीने बताई गई है।



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** महाराष्ट्र में पुणे के कल्याणीनगर में हुई दुर्घटना के बाद सोशल मीडिया पर लोगों का जबरदस्त गुस्सा देखने को मिला है। रविवार को लगभग ढाई करोड़ रुपये की महंगी कार से हुए सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड ने आरोपी को 7500 रुपये के बॉन्ड और सड़क सुरक्षा पर एक निबंध लिखने की सजा देते हुए जमानत दे दी थी।

जब यह मामला सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, तो आरोपी और उसके पिता पर कार्रवाई की गई। भारत में हर रोज 1263 सड़क हादसे हो रहे हैं। अगर 24 घंटे की बात करें, तो इस छोटी सी अवधि में 461 लोगों की मौत हो जाती है। देश में नया मोटर वाहन अधिनियम लागू होने के बाद यह उम्मीद बंधी थी कि अब सड़क हादसों में कमी आ जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। दूसरी तरफ, अमेरिका में 365 दिन में 19 लाख सड़क हादसे हो जाते हैं, लेकिन उनमें मारे जाने वाले लोगों की संख्या 36560 रहती है।

**चालान राशि में कई गुना बढ़ोतरी की गई :**महाराष्ट्र की घटना में जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के फैसले पर जब लोगों का गुस्सा फूटा, तो सरकार भी सक्रिय हो उठी। नतीजा, बुधवार को दोबारा से मामले की सुनवाई हुई। आरोपी की आयु 17 साल 8 महीने बताई गई है। बोर्ड ने आरोपी को 5 जून तक किशोर सुधार गृह में भेज दिया है। आरोपी के पिता भी पुलिस हिरासत में है। वजह, उन्होंने जानते हुए भी कि उनका बेटा नाबालिग है, इसके बावजूद उसे वाहन दिया गया। देश में नया मोटर वाहन अधिनियम लागू होने के बाद भी सड़क हादसों में गिरावट नहीं आ रही है। पांच साल पहले लागू हुए नए मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान राशि में कई गुना बढ़ोतरी की गई थी। मकसद था, सड़क हादसों में कमी लाना। देश में प्रतिवर्ष चार लाख से ज्यादा सड़क हादसे हो रहे हैं। सड़क हादसों में मारे जाने वाले लोगों की संख्या के मामले में भारत ने कई विकसित देशों को पीछे छोड़ दिया है। इनमें अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, चीन, जर्मनी और जापान सहित 19 देश शामिल हैं। विकसित देशों में भारत के मुकाबले कानून कठोर हैं। साथ ही इन देशों में वाहन से लेकर रोड इंजीनियरिंग तक, इन सभी बातों पर गहराई से काम होता है।

**2022 में मारे गए 1,68,491 लोग :** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की 'भारत में सड़क दुर्घटनाएं-2022' शीर्षक से जारी वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक, देशभर में 4,61,312 सड़क हादसे हुए थे। इन हादसों में 1,68,491 लोगों की जान गई थी, जबकि 4,43,366 लोग घायल हुए थे। पिछले वर्ष की तुलना में सड़क हादसों में 11.9 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। इन हादसों में होने वाली मौतों में 9.4 फीसदी और घायलों की संख्या में 15.3 फीसदी की वृद्धि हुई है। एक्सप्रेस वे सहित राष्ट्रीय राजमार्गों पर 1,51,997 (32.9 फीसदी) सड़क हादसे हुए। राज्य मार्गों पर 1,06,682 (23.1 फीसदी) हादसे और अन्य मार्गों पर 2,02,633 (43.9 फीसदी) सड़क दुर्घटनाएं देखने को मिलीं।

### भारत में स्पीड बढ़ी तो हादसों की भयावहता भी बढ़ी

**हमारे** देश में वाहनों की रफ्तार बढ़ रही है। इसके साथ ही हादसों की भयावहता भी बढ़ रही है। देश में इमरजेंसी केयर जैसी सुविधाओं में सुधार की बहुत ज्यादा जरूरत है। पहले सड़क हादसों में चोट गंभीर नहीं होती थी, लेकिन अस्पताल तक पहुंचने में देरी की वजह से मौत हो जाती थी। अब चोट ज्यादा गंभीर हो गई है। ऐसे में जान बचाना एक बड़ी चुनौती है। अस्पतालों में जान बचाने की पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं। सरकार को ट्रॉमा केयर पर फोकस करना होगा। सड़क हादसे तो हर देश में होते हैं, लेकिन मौतें उतनी नहीं होती। अमेरिका में भारत से कई गुना ज्यादा हादसे होते हैं, लेकिन मौत एक चौथाई भी नहीं होती।

**यह है भारत सहित कई देशों में हादसों की स्थिति**

भारत में 2020 के दौरान 432957 सड़क हादसे हुए थे। इनमें 151417 लोग मारे गए थे। चीन में 244937 हादसों में 63194 लोग मारे गए। रूसी फेडरेशन में 168099 सड़क हादसे हुए थे, जिनमें 18214 लोग मारे गए। दक्षिण अफ्रीका में 146773 सड़क हादसे हुए। इनमें 14500 लोगों की मौत हो गई। ईरान में हुए 337891 सड़क हादसों में 16540 लोग मारे गए।

# स्वाति मामला: जांच में दखल नहीं करना चाहिए: स्मृति ईरानी



**स्पष्ट किया**

▸▸ मुख्यमंत्री के आवास पर कौन-कौन मौजूद थे और घटना में सीएम अरविंद केजरीवाल की क्या भूमिका है।

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली :** आप सांसद स्वाति मालीवाल इन दिनों चर्चाओं में हैं। इस बीच, भाजपा ने कहा कि किसी को भी मालीवाल पर कथित हमले की जांच में बाधा नहीं डालना चाहिए। जांच के बाद ही साफ हो पाएगा कि उस वक्त दिल्ली के मुख्यमंत्री के आवास पर कौन-कौन मौजूद थे और घटना में सीएम अरविंद केजरीवाल की क्या भूमिका है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने गुरुवार को एक प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जब मालीवाल पर हमला किया गया तो उस वक्त आवास पर कौन-कौन मौजूद था। यह जानना महत्वपूर्ण है। किसी को भी जांच में बाधा नहीं डालना चाहिए। मैं सिर्फ भाजपा की प्रवक्ता हूं पुलिस की नहीं। मैं सिर्फ अनुरोध कर सकती है। उन्होंने यह बात आप द्वारा भाजपा पर लगाए जा रहे आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए की।

**सीएम आवास में महिला सांसद सुरक्षित नहीं:** ईरानी ने कहा कि केजरीवाल को आरोपी बिभव कुमार के साथ यात्रा करते हुए देखा गया। इससे साफ होता है कि उनकी वफादारी किस ओर है। क्या उनसे न्याय की उम्मीद की जा सकती है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल देश में महिला सुरक्षा के मुद्दे पर कैसे बात कर सकते हैं, जब उनकी पार्टी की महिला सांसद ही उनके आवास पर सुरक्षित नहीं हैं।

**केजरीवाल ने एक दिन पहले चुप्पी तोड़ी:** बता दें, मामले में पहली बार केजरीवाल ने एक दिन पहले टिप्पणी की। उन्होंने कहा था कि वे मामले की निष्पक्ष जांच चाहते हैं। न्याय होना चाहिए।

## 'भाजपा धर्म के आधार पर मुसलमानों को आरक्षण नहीं लेने देगी'

**टीम एक्शन इंडिया**

**बलिया:** बलिया लोकसभा से बीजेपी प्रत्याशी नीरज शेखर के समर्थन में गुरुवार को पहुंचे केंद्रीय राज्य मंत्री अश्वनी चौबे ने जनता से भाजपा को वोट करने की अपील की।

उन्होंने मंच से राहुल गांधी, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, अरविंद केजरीवाल और ममता बनर्जी समेत विपक्षी गठबंधन के नेताओं पर जमकर कटाक्ष किया। उन्होंने दावा किया कि धर्म के आधार पर इस देश में कोई आरक्षण नहीं हो सकता। भाजपा पिछड़ा, अति पिछड़ा व अनुसूचित जाति के आरक्षण में धर्म के नाम पर मुसलमानों को आरक्षण नहीं लेने देगी। ये हमारा संकल्प है।

## बूंदी में कोटा पुलिस पर तलवार से हमला



**टीम एक्शन इंडिया**

**बूंदी: राजस्थान के बूंदी** में कोटा पुलिस की टीम पर तलवार से हमला और फायरिंग कर बदमाश को छुड़ा ले जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। बदमाशों ने टीम पर 4 राउंड फायरिंग की, फायरिंग में कोटा और बूंदी पुलिस के जवान बाल बाल बच गए। पुलिस ने पूरे बूंदी जिले में नाकेबंदी करवा दी, हथियारबंद जवान नाकाबंदी में कड़ी तलाशी कर रही है। सूचना मिलने पर हिंडोली डीएसपी घनश्याम मीणा, प्रभारी पवन मीणा सहित अतिरिक्त पुलिस बल बासनी गांव में पहुंच गया। टीम पर हमला फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने बदमाश सहित अन्य हमलावरों पर राज कार्य में बाधा और हत्या के प्रयास का अलग से हिंडोली थाने में मुकदमा दर्ज किया है।

## बिना पंजीकरण यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्री लौटाए जाएंगे



**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** बिना पंजीकरण चारधाम यात्रा पर आने वाले तीर्थ यात्रियों को लौटाया जाएगा। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने इस संबंध में सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को एडवाइजरी जारी की है। चारधाम यात्रा के लिए उमड़ी भारी भीड़ की वजह से सरकार को व्यवस्थाएं बनाने में मुश्किलें हो रही हैं। अब तक चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण का आंकड़ा 31 लाख पार हो चुका है। चारों धाम में भारी भीड़ को देखते हुए सरकार ने पंजीकरण का सख्ती से अनुपालन शुरू कर दिया है।

इस कड़ी में बुधवार को मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को एडवाइजरी भेजी। इसमें उन्होंने स्पष्ट किया है कि अगर किसी भी राज्य के तीर्थ यात्री बिना पंजीकरण आते हैं तो उन्हें चेकिंग के बाद रोक दिया जाएगा। ऐसे तीर्थ यात्रियों को लौटा दिया जाएगा।

उन्होंने ये भी अनुरोध किया है कि जो भी चारधाम यात्रा पर आना चाहते हैं, वह पंजीकरण में जो तिथि मिली है, उसी पर आएं। इससे चारधाम यात्रा प्रबंधन में राज्य सरकार को आसानी होगी। उन्होंने सभी टूर ऑपरेटरों व ट्रैवल एजेंटों को भी यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि वह यात्रा शुरू करने से पहले पंजीकरण जांच लें।

## भ्रष्ट और नाकारा अफसरों-कार्मिकों की छुट्टी करने की तैयारी में सरकार



**कार्रवाई**

▸▸ अधिकारी और कर्मचारी निष्पक्षता व पादर्शिता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन नहीं कर रहे हैं।

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर:** भ्रष्ट आचरण और काम में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के लिए चेतावनी है। राजस्थान सरकार अब ऐसे कर्मचारियों की सूची बनाकर उन्हें अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने का निर्णय कर चुकी है। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने पिछले दिनों सीनियर लेवल ऑफिसर्स की मीटिंग में यह निर्देश जारी किए है कि जो अधिकारी और कर्मचारी निष्पक्षता व पादर्शिता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन नहीं कर रहे हैं। राजकार्य ने निरंतर अरुचि, भ्रष्ट आचारण और प्रशासनिक रूप से काम करने में असमर्थ हैं, ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके लिए संबंधित विभागों को नियामानुसार संबंधित आवश्यक कार्यवाही कर प्रस्ताव संबंधित प्रशासनिक विभाग को भेजे जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने राजस्थान सिविल सेवा (पेंशन) नियम 1996 के नियम 53(1) के तहत अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने के प्रावधान पहले से कर रखे हैं।

## राजस्थान में 48 डिग्री सेल्सियस टेम्परेचर दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** उत्तर भारत भीषण गर्मी की चपेट में है। देश में सबसे गर्म शहर राजस्थान का बाड़मेर रहा। यहां अधिकतम तापमान 48 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में चार दिन के लिए हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, दिल्ली और महाराष्ट्र में भी लू का अलर्ट है। राजस्थान में आने वाले दिनों में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। राज्य के 19 शहरों में बुधवार को तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार रिकॉर्ड किया गया था।

## छपरा गोलीकांड: चौतरफा घिरीं रोहिणी आचार्य



**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना: छपरा गोलीकांड** केस में लालू परिवार घिरता नजर आ रहा है। गुरुवार को बिहार की विशेष टीम राबड़ी आवास पहुंची थी। आरोप लगा था कि मतदान के दौरान रोहिणी आचार्य पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद और राबड़ी देवी के बॉडीगार्ड के साथ घूम रही थीं। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने भी इस मामले की जांच की अपील की थी। इसके बाद विशेष टीम लालू आवास पहुंची थी वहां उसने पूरे मामले की जांच की। वहां उपस्थित बॉडीगार्ड और पुलिसकर्मियों से पूरे मामले में पूछताछ की गई। छपरा सदर अंचल के अंचलाधिकारी द्वारा राजद की ओर से बनाए गए स्टार प्रचारक सह राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के खास भोला यादव के विरुद्ध आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज कराया गया है। वह सारण लोकसभा संसदीय क्षेत्र के मतदाता नहीं है, जिस कारण विगत 18 मई की संध्या के बाद उनको इस क्षेत्र से बाहर चले जाना चाहिए था, लेकिन वह चुनाव के दिन भी राजद की ओर से बनाई गई प्रत्याशी रोहिणी आचार्य के साथ मतदान के दिन यानी 20 मई को प्रत्याशी की गाड़ी पर घूमते नजर आए हैं।

**रोहिणी आचार्य के साथ भोला यादव भी साथ में भ्रमण कर रहे थे:** बता दें कि नगर थाना क्षेत्र के भिखारी चौक स्थित मतदान केंद्र संख्या- 18 और 19 पर राजद प्रत्याशी रोहिणी आचार्य के साथ भोला यादव भी साथ में भ्रमण कर रहे थे।

भाजपा प्रत्याशी राजीव प्रताप रूडी के प्रतिनिधि मनोज कुमार ने ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से राजद प्रत्याशी रोहिणी आचार्या एवं भोला यादव के साथ राजद समर्थक सहित 50 अज्ञात के विरुद्ध 20 मई 2024 को छपरा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या- 318 एवं 19 पर फर्जी मतदान करने एवं विरोध करने पर भाजपा के पोलिंग एजेंट सुनील कुमार सिंह एवं भाजपा कार्यकर्ता सत्येंद्र सिंह के साथ गाली गलौज एवं मारपीट करने का आरोप लगाते हुए नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया है।


